NEET Bulletin Helpline No.
8800265682
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# विजडम इंडिया

निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति

EMAIL: sheelshukla100@gmail.com

लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 14 अंक: 26 लखनऊ, शुक्रवार 06 सितंबर 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## गृह मंत्री अमित शाह से मिला वीएचपी का प्रतिनिधिमंडल, बांग्लादेश में हिंदुओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

एजेंसी।

नई दिल्ली भारत ने बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया है और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ यूक्रेन की स्थिति के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की।

देश में राजनीतिक उथल–पुथल के बीच बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर विश्व हिंदू परिषद ने गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। विहिप के सदस्यों के साथ हिंदू संतों ने केंद्रीय मंत्री से मुलाकात की और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा।



बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों की खबरें कई हिंदू मंदिरों में बर्बरता के साथ सामने आईं क्योंकि देश में पूर्व प्रधान मंत्री शेख हसीना को हटाने के लिए राजनीतिक उथल–पुथल चल रही थी। भारत ने बांग्लादेशी हिंदुओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाया है और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन के साथ यूक्रेन की स्थिति के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की। मोदी ने कहा, ष्हमने बांग्लादेश की स्थिति पर भी चर्चा की और सामान्य स्थिति की शीघ्र बहाली और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।ष बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के नेता स्वपन दासगुप्ता ने कहा कि भारत को बांग्लादेश में हिंदुओं को संकेत भेजना चाहिए कि उनका यहां हमेशा स्वागत है। पिछले हफ्ते, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने भारत में उनके प्रवास को प्राथमिकता देने के बजाय बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## सेना की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने क्यों कहा, सशस्त्र बलों को रहना चाहिए युद्ध के लिए तैयार ?

संवाददाता।

लखनऊ सिंह ने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता और एकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि भारत एक शांतिप्रिय राष्ट्र है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि शांति बनाए रखने के लिए सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। शीर्ष स्तरीय सैन्य नेतृत्व बैठक के दूसरे और अंतिम दिन लखनऊ में पहले संयुक्त कमांडर सम्मेलन



में बोलते हुए, सिंह ने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने और श्आत्मनिर्भर भारतश के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता और एकीकरण को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। सम्मेलन की थीम, श्सशक्त और सुरक्षित भारतरू सशस्त्र बलों में बदलावश के अनुरूप, सिंह ने संयुक्त सैन्य दृष्टि विकसित करने और भविष्य में होने वाले युद्धों में देश के सामने आने वाली चुनौतियों के लिए तैयारी करने के महत्व पर जोर दिया, साथ ही उकसावों के लिए समन्वित, त्वरित और आनुपातिक प्रतिक्रिया पर जोर दिया। रूस–यूक्रेन, इजराइल–हमास के बीच चल रहे संघर्षों और बांग्लादेश में मौजूदा अस्थिर स्थिति का जिक्र करते हुए, मंत्री ने कमांडरों से इन प्रकरणों का विश्लेषण करने, भविष्य में देश के सामने आने वाली समस्याओं की भविष्यवाणी करने और ष्अप्रत्याशितष से निपटने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने उत्तरी सीमा पर स्थिति और पड़ोसी देशों में हो रही घटनाओं के मद्देनजर शीर्ष सैन्य नेतृत्व द्वारा व्यापक और गहन विश्लेषण की आवश्यकता पर जोर दिया,

## जम्मू कश्मीर को फिर से अराजकता-आतंकवाद की आग में झोंकना चाहते हैं कांग्रेस-अनुराग ठाकुर

, t l hA

जम्मू कश्मीर अनुराग ठाकुर ने कहा, एक समय था जब कश्मीर संघर्ष, आतंकवाद, और अस्थिरता का पर्याय बन चुका था। लेकिन आज, हम एक ऐसे जम्मू–कश्मीर की आबो–हवा में जी हैं, जो शांति, विकास, और समृद्धि की राह पर आगे बढ़ रहा है। जम्मू कश्मीर। पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने किश्तवाड़ में भारतीय जनता पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान में किश्तवाड़ व पैडर नागसेनी विधानसभा में पदयात्रा, रोडशो व जनसभाओं को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशी सुशगुन परिहार व सुनील शर्मा जी को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वाह्न किया। साथ ही अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस व नेशनल कांफ्रेंस धारा 370 को वापस लाकर जम्मू–कश्मीर को फिर से अराजकता–आतंकवाद की आग में



झोंकना चाहती है। अनुराग ठाकुर ने कहा, श्जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनावों में आज पार्टी के प्रचार अभियान के अन्तर्गत किश्तवाड़ में पदयात्रा व जनसभा के माध्यम से यहाँ अमन–चौन बनाने रखने व विकास के लिए भाजपा को जिताने का अनुरोध किया। किश्तवाड़ की जनता का उत्साह, उमड़ा जनसैलाब व भाजपा के प्रति अगाध प्यार प्रमाण है कि जम्मू–कश्मीर में भाजपा भारी बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। 60 साल देश पर कांग्रेस के राज करने के बाद भी राहुल गांधी–प्रियंका गांधी कश्मीर के बर्फ के गोले खेलने नहीं आए। मोदी जी ने कश्मीर से 370 खघ्त्म किया, तो आज गांधी परिवार वादियों में छुट्टियाँ मना पा रहा है३और अब कांग्रेस–नेशनल कांफ्रेंस 370 फिर लागू करके जम्मू–कश्मीर को फिर से अराजकता–आतंकवाद–अलगाववाद की आग में झोंकना चाहते हैं। जम्मू–कश्मीर ने दशकों तक गांधी–अब्दुल्ला परिवार की गलतियों का दंश झेला है, कितने परिवार उजड़ गये, कितने ही सैनिक शहीद हो गये, आर्थिक विकास में जम्मू–कश्मीर पिछड़ गया। मोदी जी के नेतृत्व में जम्मू–कश्मीर ने अब विकास और अमन का स्वाद चख लिया है इसलिए अब गांधी–अब्दुल्ला परिवार के झाँसे में नहीं आयेगा और फिर यहाँ भाजपा की सरकार बनाएगा। अनुराग ठाकुर ने कहा, श्एक समय था जब कश्मीर संघर्ष, आतंकवाद, और अस्थिरता का पर्याय बन चुका था। लेकिन आज, हम एक ऐसे जम्मू–कश्मीर की आबो–हवा में जी हैं, जो शांति, विकास, और समृद्धि की राह पर आगे बढ़ रहा है। इस परिवर्तन की कहानी सिर्फ किसी राजनीतिक बदलाव की नहीं है, बल्कि यह कहानी है दृढ़ संकल्प, निष्ठा, और कश्मीर के लोगों के प्रति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष संवेदनशीलता की। कश्मीर के लोगों के साथ हर कदम पर खड़े रहने का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का संकल्प किसी से छिपा नहीं है। उन्होंने अपने नेतृत्व में कश्मीर को एक नई दिशा दी है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, श्आज यहाँ एम्स है, प्प्ड है, आईआईटी है, 11 मेडिकल कॉलेज है, निफ्ट है, आईआईएमसी है , थोड़ी शांति हुई है तो पर्यटक रिकॉर्ड संख्या में आ रहे हैं, पदतिंजतनबजनतम का विकास हो रहा है, रेलवे लाइन की दुनियाँ भर में चर्चा हो रही है और सबसे बड़ी बात शीतल देवी जैसे युवा जम्मू कश्मीर के कोने–कोने से निकलकर अपनी प्रतिभा के बूते देश भर के लोगों का प्यार पा रहे। नया जम्मू कश्मीर है जो शेष भारत में साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना चाहता है, साल के 8 महीने कर्फ्यू में रहकर नहीं. मोदी सरकार हर क्षेत्र में कितना तेजी से यहाँ विकास कर रही है इस एक आँकड़े से समझिए कि अगस्त 2019 से पहले हर दिन औसतन 6.4 किमी सड़क ही बन पाती थी, लेकिन अब हर दिन 20.6 किमी सड़क बन रही है। मोदी जी ने जो जो गारंटी दी थीं वो पूरी की और जो रह गई वो करेंगे, आज आपको केंद्र की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है आयुष्मान भारत, पीएम आवास और हर घर जल जैसी योजनाएँ यहाँ के लोगों के जीवन में बदलाव का रही हैं. उन्होंने कहा है कि फिर से पूर्ण राज्य का दर्जा मिलेगा तो ये गारंटी भी पूरी होगी। मोदी सरकार ने पश्चिम पाकिस्तान के लोगों, वाल्मिकियों, बकरवाल ,समुदाय के बाहर शादी करने वाली महिलाओं, गैर–पंजीकृत कश्मीरी प्रवासियों और विस्थापित लोगों को उनके अधिकार दिए हैं।

## महायुति गठबंधन के नियंत्रण वाले भिवंडी में माहाअघडी को दिखी उम्मीद की किरण, विधानसभा चुनाव में भुनाना जरूरी

एजेंसी। भिवंडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र महाराष्ट्र का महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्र है। जहां इसी साल संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में शरद पवार के गुट वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुरेश जी म्हात्रे ने भारतीय जनता पार्टी को जीत की हैट्रिक लगाने से रोकते हुए विजय हासिल की थी यह क्षेत्र ठाणे जिले का हिस्सा है। भिवंडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र महाराष्ट्र का महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्र है। जहां इसी साल संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में शरद पवार के गुट वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुरेश जी म्हात्रे ने भारतीय जनता पार्टी को जीत की हैट्रिक लगाने से रोकते हुए विजय हासिल की थी यह क्षेत्र ठाणे जिले का हिस्सा है। यह क्षेत्र भिवंडी–निजामपुर नगर निगम के प्रशासन क्षेत्र में आता है। यह शहर ग्रेटर मुंबई महानगरीय समूह का हिस्सा है। इस क्षेत्र में आदिवासी जातियों का निवास था। मुगलों ने अपने शासनकाल में यहा ईदगाह का निर्माण कराया था, इसे अब ईदगाह चौराहा कहा जाता है। यह इलाका समुद्री तट के नजदीक होने के कारण यहां पर बड़ी संख्या में मछली का व्यापार किया जाता है। भिवंडी लोकसभा क्षेत्र पूरी तरह से महाराष्ट्र के ठाणे जिले के अंतर्गत ही आता है। यह लोकसभा क्षेत्र भिवंडी ग्रामीण, शाहपुर, भिवंडी पश्चिम, भिवंडी पूर्व, कल्याण पश्चिम और मुरबाद विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर बनाया गया है। जिसमें से फिलहाल 5 सीट पर महायुति गठबंधन का कब्जा है। इसके अलावा सिर्फ एक सीट ही समाजवादी पार्टी जीतने में सफल रही थी। महाराष्ट्र में हुए 2008 के परिसीमन से अस्तित्व में आया भिवंडी ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र पर सर्वप्रथम 2009 में चुनाव हुए थे। यह विधानसभा क्षेत्र अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के विष्णु सावरा चुनाव जीतने में सफल रहे थे, लेकिन पिछले दो चुनाव से एकनाथ शिंदे के गुट वाली शिवसेना के शांताराम मोरे चुनाव जीत रहे हैं। इस लोकसभा क्षेत्र का शाहपुर विधानसभा क्षेत्र भी अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित है। जहां से वर्तमान में अजित पवार के गुट वाली एनसीपी के नेता दौलत दरोदा विधायक हैं। विधायक दौलत दरोदा इससे पहले भी शिवसेना



के उम्मीदवार के तौर पर तीन बार विधायक रह चुके हैं। उनके पहले यह सीट एनसीपी के ही पांडुरंग बरोरा के पास थी। भिवंडी लोक सभा क्षेत्र की भिवंडी पश्चिम सीट के मतदाताओं ने अब तक सिर्फ सपा और बीजेपी को ही जीत का स्वाद चखने का मौका दिया है। फिलहाल इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी के महेश चौगुले का पिछले 10 साल से कब्जा है। उन्होंने सपा के अब्दुल रशीद ताहिर मोमिन को हराकर यह क्षेत्र जीता था। महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी के प्रभुत्व वाली कुछ सीटों में से एक भिवंडी पूर्व की सीट भी है। जिसे 2019 के चुनाव में पार्टी के नेता रईस शेख ने जीतने में सफलता हासिल की थी। इसके पहले भी 2009 में ही पार्टी के अबू आजमी भी इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। महाराष्ट्र राज्य की विधानसभा में 138 नंबर से जाने जानी वाली कल्याण पश्चिम विधानसभा सीट पर मतदाताओं ने किसी भी पार्टी को लंबे समय तक टिकने का मौका नहीं दिया है। वर्तमान में शिवसेना के विश्वनाथ भोईर कल्याण पश्चिम क्षेत्र की जनता की आवाज विधानसभा में उठा रहे हैं। महाराष्ट्र के गठन के साथ ही भिवंडी लोकसभा क्षेत्र की मुरबाद विधानसभा सीट भी अस्तित्व में आ गई थी। इस क्षेत्र के मतदाताओं ने शिवसेना को छोड़कर सभी बड़े राजनीतिक दलों को जीतने का मौका दिया है। फिलहाल यहां लगातार 15 साल से बीजेपी के किसान कथोरे का कब्जा है। कथोरे इससे पहले भी 5 एनसीपी के टिकट पर विधायक चुने गए थे।

## मैंने तभी कहा था, ये कांग्रेस की साजिश है, बृजभूषण सिंह ने अपने ऊपर लगे यौन आरोपों पर तोड़ी चुप्पी

संवाददाता।

लखनऊ बीजेपी नेता पहले भी कांग्रेस और उसके नेताओं पर उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगा चुके हैं। उस समय बृजभूषण शरण सिंह ने यह भी दावा किया था कि उनके पास इसे साबित करने के लिए ऑडियो क्लिप हैं। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह ने अपने ऊपर महिला पहलवानों द्वारा लगाए गए यौन उत्पीड़न के आरोपों पर बात की है। गोंडा में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलते हुए बीजेपी नेता ने कहा कि जब मुझ पर आरोप लगे तो मैंने कहा कि ये कांग्रेस, दीपेंद्र हुड्डा और भूपेन्द्र हुड्डा की साजिश है। ये मैंने पहले भी कहा है और आज देश कह रहा है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अब मुझे इस बारे में कुछ भी कहने की जरूरत नहीं है।



गौरतलब है कि बीजेपी नेता पहले भी कांग्रेस और उसके नेताओं पर उनके खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगा चुके हैं। उस समय बृजभूषण शरण सिंह ने यह भी दावा किया था कि उनके पास इसे साबित करने के लिए ऑडियो क्लिप हैं। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब माना जा रहा है कि महिला पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया हरियाणा विधानसभा चुनाव के दंगल में उतर सकते हैं। पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पूनिया के कांग्रेस के टिकट पर हरियाणा विधानसभा चुनाव लड़ने की संभावना हैं। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी से मुलाकात की। अब वे दिल्ली में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल से मुलाकात कर रहे हैं। यह बैठक ऐसे समय हुई है जब कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को बुलाई गई थी। बता दें कि महिला पहलवानों द्वारा बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए गए थे। इसे लेकर महिला पहलवानों सहित कई पहलवानों ने दिल्ली में धरना भी दिया था।

## सूरत में जिजाऊ ब्रिगेड का राष्ट्रीय अधिवेशन, महिलाओं के सशक्तिकरण पर उत्तर प्रदेश की कार्यकारी अध्यक्ष का जोर

एजेंसी।

गुजरात देशमुख ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों की घटनाओं की कड़ी निंदा की और कोलकाता और बदलापुर में हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्हें अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताया।मराठा सेवा संघ के जिजाऊ ब्रिगेड का राष्ट्रीय अधिवेशन और मराठा सेवा संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर सूरत में आयोजित कार्यक्रम में, उत्तर प्रदेश जिजाऊ ब्रिगेड की कार्यकारी अध्यक्ष, श्रीमती संयुक्ता देशमुख ने महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके अधिकारों की सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने अपने भाषण में कहा, षजिजाऊ



के विचारों से प्रेरणा लेकर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उनके सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रहना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। श्रीमती देशमुख ने महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों की घटनाओं की कड़ी निंदा की और कोलकाता और बदलापुर में हुई घटनाओं का उल्लेख करते हुए उन्हें अत्यंत दुखद और चिंताजनक बताया। उन्होंने सरकार से महिलाओं की सुरक्षा के लिए कठोर उपाय करने की मांग की। साथ ही, सिंधुदुर्ग के राजकोट किले पर छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने की घटना को उन्होंने अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और इसे पूरे महाराष्ट्र की अस्मिता का अपमान कहा।उन्होंने कहा कि जिजाऊ ब्रिगेड हमेशा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सक्रिय रहेगी और इस उद्देश्य के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, षजिजाऊ द्वारा दिए गए आत्मसम्मान के संदेश को आगे बढ़ाना हम सभी का कर्तव्य है। मराठा सेवा संघ के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए श्रीमती देशमुख ने कहा, ष्इस संगठन के माध्यम से समाज में बदलाव लाने की प्रेरणा मिलती है।

## बाल विकास पुष्टाहार की परियोजना कार्यालय के सहगोदामों के निर्माण कार्य हेतु 298.89 लाख रुपये मंजूर

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के अंतर्गत संचालित बाल विकास पुष्टाहार की परियोजना कार्यालय के सहगोदामों के निर्माण कार्य हेतु 298.89 लाख रुपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गई धनराशि निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार के निवर्तन पर रखी गई है। इस योजना के तहत प्राविधानित धनराशि 5000 लाख रुपये के सापेक्ष यह धनराशि मंजूर की गई है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिये हैं। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि के आहरण में राज्य सरकार द्वारा इस योजना के संबंध में निर्गत गाइडलाइन एवं दिशा–निर्देशों के अनुसार पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। साथ ही ये भी सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्यों की गुणवत्ता उच्च कोटि की हो तथा समय–समय पर संपादित कराये जो रहे निर्माण कार्यो की मॉनीटिरिंग भी सुनिश्चित हो।

## इन 25 जिलों के कारीगर लेंगे हिस्सा

अयोध्या, बाराबंकी, शाहजहांपुर, बस्ती, हमीरपुर, महोबा, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, झांसी, ललितपुर, जालौन, कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, फर्रुखाबाद, कन्नौज, लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी और फतेहपुर।

## इन ट्रेड्स को किया जाएगा शामिल

बढ़ई, नाव निर्माता, अस्त्रकार, लोहार, हथौड़ा टूलकिट निर्माता, ताला बनाने वाला, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार (पत्थर तराशने वाला), मोची (चर्मकार)ध्जूता कारीगर, राजमिस्त्री, टोकरी निर्माता, गुड़िया और खिलौना निर्माता, नाई, माला निर्माता, धोबी, दर्जी, और मछली पकड़ने वाला जाल निर्माता।

अधिक जानकारी के लिए कारीगर अमित बाजपेयी, सहायक निदेशक ग्रेड–1 मोबाइलः 7905390276, 9455185232, नीरज कुमार, सहायक निदेशक मोबाइलः 9761839876, 9473734238 पर संपर्क कर सकते हैं।

## कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा का दावा, हरियाणा में बीजेपी जा रही और कांग्रेस आ रही है

एजेंसी। हरियाणा दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पार्टी के आंतरिक आकलन, जमीनी रिपोर्ट और मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि हरियाणा में बीजेपी जा रही है और कांग्रेस जीतेगी। बैठक के बाद सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि उसमें आप बीजेपी की हताशा देख सकते हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीत का भरोसा जताते हुए कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने गुरुवार को कहा कि बीजेपी नेतृत्व और खट्टर साहब दोनों जानते हैं कि बीजेपी जा रही है और कांग्रेस यहां जीतेगी। नई दिल्ली के हिमाचल भवन में गुरुवार को आयोजित हरियाणा उप–समिति की बैठक में भाग लेने के तुरंत बाद, हुड्डा ने कहा कि हरियाणा के लोगों ने फैसला किया है कि वे राज्य में कांग्रेस सरकार बनाएंगे। यह बात बीजेपी नेतृत्व और खट्टर साहब दोनों जानते हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बीजेपी कार्यकर्ता यह स्वीकार करें कि उन्हें पार्टी में सम्मान नहीं मिल रहा है और पार्टी का राज्य में कोई भविष्य नहीं है। दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि पार्टी के आंतरिक आकलन, जमीनी रिपोर्ट और मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि हरियाणा में बीजेपी जा रही है और कांग्रेस जीतेगी। बैठक के बाद सांसद कुमारी शैलजा ने कहा कि उसमें (विधानसभा चुनाव उम्मीदवारों के लिए बीजेपी की सूची) आप बीजेपी की हताशा देख सकते हैं। यह उस जमीन की तरह है जो बंजर हो गई है, उन्हें अच्छे उम्मीदवार नहीं मिले हैं। उन्होंने हमला करते हुए कहा कि वे पिछले 10 वर्षों से सत्ता में हैं और लोग अब उन्हें छोड़ रहे हैं और वे बाहर से लोगों को आयात कर रहे हैं।

# राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में अपने उत्पादों और कौशल का प्रदर्शन करेंगे प्रदेश भर के कारीगर

## प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत 10 से 12 सितंबर तक कानपुर में राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का किया जाएगा आयोजन

लखनऊ(आरएनएस)। एक जिला एक उत्पाद और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसी स्कीम्स के माध्यम से प्रदेश में कारीगरों को प्रोत्साहित कर रही योगी सरकार एक बार फिर उन्हें अपने उत्पादों को राज्य स्तर पर प्रसारित करने का अवसर प्रदान करने जा रही है। एमएसएमई–विकास कार्यालय, कानपुर द्वारा 10 से 12 सितंबर, 2024 तक प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य विभिन्न जिलों से आए कारीगरों को अपने उत्पादों और कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करना है। प्रदर्शनी में कारीगरों को नए ग्राहकों से मिलने और व्यापारिक अवसरों को बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण मंच मिलेगा। इस प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के 25 जिलों के कारीगर भाग लेंगे। प्रदर्शनी में 18 प्रमुख ट्रेड्स के कारीगरों द्वारा अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।7 सितंबर तक करना होगा आयोजनएमएसएमई मंत्री राकेश सचान के अनुसार इच्छुक कारीगर, जिनका प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत स्टेज–3 वेरिफिकेशन पूरा हो चुका है तथा जिनके पास पीएम विश्वकर्मा लाभार्थी पहचानपत्र है, वे 7 सितंबर, 2024 तक सादे कागज पर या ईमेल (dcdi-kanpur/dcmsme.gov.in) के माध्यम से अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के दौरान उन्होंने अपना नाम, पीएम विश्वकर्मा ट्रेड, पता, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, उत्पाद (प्रदर्शनी के दौरान प्रदर्शित किए जाने वाले), पीएम विश्वकर्मा आईडी पंजीकरण संख्या, पीएम विश्वकर्मा प्रशिक्षम समापन प्रमाणपत्र संख्या और श्रेणी आदि का उल्लेख करना होगा। प्रदर्शकों का चयन समिति द्वारा किया जाएगा। चुने गए प्रदर्शकों के आने–जाने और रहने का खर्च भारत सरकार के नियमानुसार वहन किया जाएगा। यह आयोजन एमएसएमई–विकास कार्यालय, 107 औद्योगिक आस्थान, कालपी रोड, फजलगंज, कानपुर में होगा।

# इंटरनेशनल सेंटर फार रिस्पांसिबल टूरिज्म लंदन के प्रमुख डा. हेरोल्ड गुडविन ने प्रयागराज के सिंगरौर उपहार गांव में किया भ्रमण

## जिम्मेदार पर्यटन के तहत पर्यावरण को संरक्षित करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने की तैयारी-जयवीर सिंह

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि जिम्मेदार पर्यटन एक सतत प्रक्रिया है, इसका आशय प्राकृतिक संसाधनों एवं पर्यावरण को क्षति पहुंचाये वगैर स्थानीय लोगों को होने वाली आय में भागीदार बनाना है। इसी दृष्टिकोण से लंदन की संस्था इण्टरनेशनल सेन्टर फॉर रिस्पांसिबल टूरिज्म के साथ एमओयू किया गया है। इसके संस्थापक डॉ0 हेरोल्ड गुडविन एक जाने–माने पर्यावरण विशेषज्ञ तथा रिस्पांसिबल टूरिज्म के क्षेत्र में काम किया है। दक्षिण अफ्रीका सहित अन्य देशों में जिम्मेदार पर्यटन को बढ़ावा देने में इनकी अहम भूमिका रही है। पिछले 3–4 दिनों से डॉ0 गुडविन प्रदेश का भ्रमण कर रहे हैं। इसी के तहत उन्होंने कल 04 सितम्बर, 2024 को जनपद प्रयागराज के सिगरौर उपहार गांव का भ्रमण किया तथा स्थानीय लोगों के साथ ग्रामीण जीवन की विभिन्न गतिविधियों का करीब से अवलोकन किया।यह जानकारी देते हुए पर्यटन मंत्री ने बताया कि डॉ0 गुडविन ने सिगरौर उपहार गांव के इतिहास, संस्कृति, रहन–सहन, खान–पान एवं स्थानीय उत्पाद से परिचित हुए और ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं को समझने का प्रयास किया। उन्होंने पर्यटक सुविधा केन्द्र का भी भ्रमण किया। ग्रामवासियों ने उनका स्वागत सत्कार एवं अभिनन्दन किया। इसके बाद डॉ0 गुडविन निषादराज उद्यान में प्राकृतिक सुन्दरता का अवलोकन किया। उद्यान में घोड़े गाड़ी देखकर अचम्भित हुए और उसके साथ फोटो खिचवाये। शिवशक्ति रसोई और अन्नपूर्णा में पारम्परिक भोजन का स्वाद लिया।पर्यटन मंत्री ने बताया कि डॉ0 गुडविन ने होम–स्टे का भ्रमण किया और ग्रामवासियों के आतिथ्य सत्कार को भी देखा। इसके साथ ही मूंज की पारम्परिक बुनाई और मोतियां पिरोकर माला बनाने की विधि और सतनाम स्वयं सहायता समूह द्वारा बनाये गये उत्पादों की गुणवत्ता आदि के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इसके उपरान्त प्राचीन श्रृंगवेरपुर धाम पहुंचकर दर्शन किये और बायोवेद पहुंचकर मिट्टी व गोबर से बने पेपरवेट, गन्ने के अवशेष से बनी लालटेन तथा खिलौने से परिचित हुए। कार्यक्रम के अंत में हस्तनिर्मित निषादराज की मूर्ति एवं अन्य स्मृति चिन्ह उनकों भेंट किये गये। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहे उत्तर प्रदेश में पर्यटकों के सुविधार्थ पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं के निरंतर विकास का कार्य किया जा रहा है। पर्यटन क्षेत्र में हमारी कुछ जिम्मेदारियां हैं, जिसे 'रिस्पांसिबल टूरिज्म' के नाम से जानते हैं। रिस्पांसिबल टूरिज्म का अर्थ है, पर्यटन या उससे जुड़े विकास कार्यों को इस तरह करना, जो लोगों के सामाजिक और आर्थिक विकास में सहायक हो एवं पर्यटन स्थल के पर्यावरणीय संरक्षण तथा सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए सतत (सस्टेनेबल) पर्यटन को बढ़ाए। इसका लक्ष्य पर्यटन स्थलों की प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने के साथ स्थानीय समुदायों को पर्यटन से होने वाले लाभ में भागीदार बनाना है।

# स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में उत्तर प्रदेश का बेहतरीन प्रदर्शन, रचा कीर्तिमान – ए.के. शर्मा

## प्रदेश के चार शहरों ने स्वच्छ वायु सर्वेक्षण–2024 में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

### नगरीय वातावरण को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नगर विकास कर रहा हर संभव प्रयास

लखनऊ(आरएनएस)। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण–2024 में उत्तर प्रदेश के चार शहरों ने वायु गुणवत्ता के मामले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इसमें फिरोजाबाद एवं रायबरेली को अपनी श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान मिला तथा आगरा एवं झांसी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। यह सर्वेक्षण प्रतिवर्ष पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा कराया जाता है। इन सभी निकायों को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा 07 सितंबर को जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में पुरुस्कृत किया जाएगा।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने इस संबंध में बताया कि विगत 02 वर्षों से प्रदेश की नगरीय व्यवस्थापन में सुधार के सतत प्रयास किया जा रहे हैं। इन्ही प्रयासों से शहरों की वायु गुणवत्ता के साथ नागरिकों के क्वालिटी आफ लाइफ में भी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि नगरों की नियमित साफ सफाई कराई जा रही, सुबह 05 बजे से सफाई कर्मी सफाई कार्यो में जुड़ जाते हैं। नगरों में सुंदरीकरण के कार्य कराए जा रहे, शहरों की हरियाली बढ़ाने के लिए पौधरोपण के साथ पार्कों, उद्यानों का रिनोवेशन किया गया, मियावाकी उद्यान बनाए जा रहे। शहरों के वायु प्रदूषण को कम करने के लिए इलेक्ट्रिक बसें भी चलाई जा रही हैं और नागरिकों को भी ई–व्हीकल चलाने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। स्वच्छता, साफ सफाई और प्रदूषण को लेकर नागरिकों में भी जागरूकता आई है। इन सभी के परिणाम स्वरुप ही प्रदेश के नगरों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के नगरी वातावरण को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए नगर विकास विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने इसके लिए सभी नगर कर्मियों और नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।नगर विकास मंत्री ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी एवं मा. मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व से तथा नगर विकास विभाग के प्रभावशाली कार्यशैली के फलस्वरूप प्रदेश के शहरों को विश्वस्तरीय पहचान मिल रही है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में गौरवशाली स्थान प्राप्त करके प्रदेश के दो शहरों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान मिला तथा 02 शहरों को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत् पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा देश के 131 शहरों का स्वच्छ मूल्यांकन किया गया। इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण में विभिन्न शहरों को अपने पर्यावरण में वायु प्रदूषण को कम करने की दिशा में किए गए प्रयासों के आधार पर विभिन्न नगरों को स्थान दिया गया है। इसके अनुसार 03 लाख से 10 लाख तक की जनसंख्या वाले श्रेणी–2 के शहरों में फिरोजाबाद को देश में प्रथम स्थान और झांसी को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। तीन लाख से कम जनसंख्या वाले श्रेणी–3 में रायबरेली को देश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों की श्रेणी–1 में आगरा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। नगर विकास मंत्री ने बताया कि स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में विभिन्न नगरों के प्रदर्शन का मूल्यांकन मुख्य रूप से निम्नलिखित आठ बिंदुओं के आधार पर किया गया है, इसमें बायोमास पर नियंत्रण, नगरीय ठोस अपशिष्ट, कूड़े करकट को जलाया जाना, सड़कों पर धूल, निर्माण कार्यों एवं ध्वस्तीकरण के कारण उत्पन्न मलबा, वाहनों से उत्पन्न प्रदूषण, औद्योगिक प्रदूषण, जनसामान्य में जन–जागरूकता, पीएम 10 घनत्व में वृद्धि आदि क्षेत्रों का मूल्यांकन किया गया। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए प्रदेश के सभी नगर कर्मियों और नागरिकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# उप्र कोआपरेटिव बैंक ने एक बार फिर स्थापित किया नया कीर्तिमान

## उप्र कोआपरेटिव बैंक लि. की यह उपलब्धि प्रदेश के सहकारिता विभाग के लिए गौरव की बात: जेपीएस राठौर

लखनऊ(आरएनएस)। उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक ने एक बार फिर से नया कीर्तिमान स्थापित किया है। वित्तीय वर्ष 2022–23 के बाद एक बार फिर उप्र कोआपरेटिव बैंक लि. को वित्तीय वर्ष 2023–24 में भी उच्च श्रेणी में रखा गया है। यह जानकारी देते हुए प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि उप्र कोआपरेटिव बैंक लि. की यह उपलब्धि प्रदेश के सहकारिता के लिए गौरव की बात है। राठौर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी जी के कुशल निर्देशन एवं अधिकारियों, कर्मचारियों की कड़ी मेहनत एवं अथक प्रयासों से यह संभव हुआ है। इसके लिए उन्होंने विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं खाताधारकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सहकारिता मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक द्वारा वित्तीय वर्ष 2023–24 मे कुल रू 25447.00 करोड़ का व्यवसाय किया है, जो की वित्तीय वर्ष 2022–23 की तुलना मे 18 प्रतिशत अधिक है। एनपीए की बात करे तो बैंक का कुल सकल एनपीए 3 प्रतिशत एवं शुद्ध एनपीए शून्य है जो की सराहनीय है। सहकारी बैंक 40 शाखाओं के माध्यम से प्रदेश में ग्राहकों को आधुनिक बैंकिंग सुविधाएं यथा– यूपीआई, इन्टरनेट बैकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एम–पासबुक एवं लाकर्स आदि सभी बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही है तथा बैंक द्वारा एमएसएमई योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, किसानों के लिए एफपीओ ऋण, पीएम विश्वकर्मा योजना एवं पीएम स्ट्रीट वेन्डर योजना के साथ–साथ गृह ऋण, कार ऋण, व्यक्तिगत ऋण, शिक्षा ऋण, ट्रेडर्स ऋण आदि ऋण सुविधाएं ग्राहकों को उपलब्ध कराई जा रही है उन्होंने बैंक अधिकारियों को निर्देश दिये कि इसी प्रकार अथक परिश्रम करते हुए प्रदेश का नाम रोशन करें और बैंकिग सेवाओं को और जनोपयोगी बनायें।

# पीएनबी मेटलाईफ जूनियर बडमिंटन चौंपियनशिप 2024 में लखनऊ शहर में उभरते हुए खिलाड़ियों का दबदबा रहा

लखनऊ पीएनबी मेटलाईफ जूनियर बैडमिंटन चौंपियनशिप 2024 के 8वें संस्करण में 600 के हर कोने से आए लखनऊ से ज्यादा युवा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का दबदबा रहा। इस बहुप्रतीक्षित खेल स्पर्धा का आज केडी सिंह बाबू स्टेडियम में एक रोमांचक फिनाले के साथ समापन हुआ, जिसमें 9 उभरते हुए बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी–अपनी श्रेणियों में जीत हासिल की। दर्शकों को विभिन्न आयु समूहों में असाधारण खेल देखने को मिला। बॉयज सिंगल्स अंडर 9 श्रेणी में ओनीश खंडेलवाल ने आर्यवीर सिंह 15–11 और 15–11 के स्कोर पर जीत दर्ज की, जबकि गर्ल्स सिंगल्स अंडर 9 में किमाया सिंह ने स्प्रिहा राव गौतम को 15–10 और 15–8 के स्कोर के साथ हराया। बॉयज सिंगल्स अंडर 11 श्रेणी में सुमय त्रिपाठी, अक्षत शुक्ला को हराकर विजयी रहे 15–8 और 15–11 के स्कोर के साथ, वहीं गर्ल्स सिंगल्स अंडर 11 श्रेणी में लाव्या अनिका पटेल ने सानवी कुमार को 15–12 और 15–11 के स्कोर के साथ बाहर का रास्ता दिखाया। बॉयज सिंगल्स अंडर 13 श्रेणी में शार्दुल खत्री ने एक रोमांचक मैच में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए। गर्ल्स सिंगल्स अंडर 13 श्रेणी में गर्विता त्रिपाठी ने श्रेया संतोष 15–3 और 15–8 के स्कोर के खिलाफ एकतरफा जीत दर्ज करते हुए अपना दबदबा बनाया। बॉयज सिंगल्स अंडर 15 श्रेणी में –शुभम सोलंकी ने काँटे की टक्कर में देवेन्द्र सिंह ठाकुर को 15–13 और 15–11 के स्कोर के साथ हरा कर जीत का रास्ता साफ किया। वहीं, गर्ल्स सिंगल्स अंडर 15 श्रेणी में कुहू, मंशा राय 15–9 और 15–9 के स्कोर के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए विजयी रहीं। बॉयज सिंगल्स अंडर 17 श्रेणी में अभिनव पंघाल का दबदबा रहा, उन्होंने हुसैन अंसारी को 10–15, 15–9 और 15–9 के स्कोर के साथ हराकर जीत दर्ज की, जबकि गर्ल्स सिंगल्स अंडर 17 श्रेणी में कुहू ने प्रियंका गौतम को 15–5 और 15–11 के स्कोर के साथ हराया।प्रतियोगिता के समापन समारोह में गणमान्य मेहमान प्रियंका मिश्रा, मुख्य बीमा प्रबंधक, सौरभ लोहटिया, मुख्य विपणन एवं संचार अधिकारी, डॉ. योगेश शेट्टी, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के प्रमुख फिजियो और फिजियोथेरेपिस्ट एसोसिएशन के सदस्य, मृत्युंजय कुमार, जोनल मैनेजर, पंजाब नेशनल बैंक और सुनील कुमार सिंह, प्रीमियर इंश्योरेंस मैनेजर मौजूद थे। उन्होंने विजयी युवा खिलाड़ियों को उनकी जीत के सम्मान में प्रतिष्ठित जेबीसी ट्रॉफी सौंपी।पीएनबी मेटलाईफ के एमडी एवं सीईओ समीर बंसल ने कहा, ''इन गेम्स की शुरुआत बहुत रोमांचक थी। खेल में लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने की क्षमता है। इससे न केवल बच्चों में आत्मविश्वास का विकास होता है, बल्कि वो मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत भी बनते हैं। इसीलिए हमें पीएनबी मेटलाईफ जूनियर बैडमिंटन चौंपियनशिप का आयोजन करने की प्रेरणा मिली, और पीएनबी मेटलाईफ की तरफ से मैं विजेताओं एवं अन्य सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूँ, जिन्होंने बैडमिंटन में उत्कृष्टता के लिए अपने जोश व समर्पण का प्रदर्शन किया।'' पीएनबी मेटलाईफ जूनियर बैडमिंटन चौंपियनशिप को वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेशन एजेंसी (डब्लूआरसीए) द्वारा लगातार दो सालों तक दुनिया का सबसे बड़ा जूनियर बैडमिंटन टूर्नामेंट के रूप में सम्मानित किया गया है। इस अभूतपूर्व उपलब्धि से भारत में जूनियर बैडमिंटन में उत्कृष्टता को प्रोत्साहन देने में इस चौंपियनशिप की महत्वपूर्ण भूमिका प्रदर्शित होती है।

# वियतनाम से पधारे 21 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों का किया भ्रमण

## उ0प्र0 दुनियाभर के बौद्ध श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र-जयवीर सिंह

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश में स्थित बौद्ध स्थलों के प्रचार–प्रसार के लिए विभिन्न देशों के प्रतिनिधि मंडल का भ्रमण कराया जाएगा। इसी क्रम में वियतनाम से 21 सदस्यों का दल आया हुआ है। इसमें टूर–ट्रेवल आपरेटर्स, टूरिस्ट गाइड व पर्यटन क्षेत्र से जुड़े अन्य लोग शामिल हैं।यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि विश्व में फैले भगवान बुद्ध के अनुयायियों के लिए उत्तर प्रदेश तीर्थस्थल है। उन्होंने बताया कि यह दल बुधवार को श्रावस्ती में जेतवन, अंगुलीमाल कुटी सहित अन्य स्थलों पर दर्शन–भ्रमण किया। रात्रि विश्राम के बाद गुरुवार को कपिलवस्तु के लिए रवाना हो गए। कपिलवस्तु में पिपरहवा स्तूप, गनवरियां स्तूप, कपिलवस्तु म्यूजियम और बुद्धा थीम पार्क समेत अन्य स्थलों पर भ्रमण किया। इसके बाद यह कुशीनगर और सारनाथ भ्रमण करेंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि कुशीनगर में भगवान बुद्ध से संबंधित महापरिनिर्वाण का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल विद्यमान है। इस प्रकार उत्तर प्रदेश भगवान बुद्ध और बौद्ध धर्म का केंद्र है। पर्यटन विभाग विश्व में इनका प्रचार–प्रसार कर रहा है। बौद्ध धर्म को मानने वाले विभिन्न देशों के पर्यटन उद्योग से जुड़े लोगों की फैम ट्रिप की शुरुआत हो गई है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में भगवान गौतम बुद्ध से जुड़े महत्वपूर्ण पावन स्थल हैं। विश्व के विभिन्न देशों में फैले बौद्ध अनुयायियों के लिए यह तीर्थस्थल है। सरकार यहां प्राथमिकता के आधार पर पर्यटक सुविधाओं का विकास कर रही है। ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु आएं और विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें।

# उत्तर प्रदेश मान्यताप्राप्त संवाददाता समिति की पहली बैठक संपन्न

## पत्रकारों की पेंशन,चिकित्सा सुविधा एवं आवासीय समस्याओं को लेकर हुईं गंभीर चर्चा

## दिवंगत फोटो जर्नलिस्ट को दी गई श्रद्धांजलि

लखनऊ।उत्तर प्रदेश मान्यताप्राप्त संवाददाता समिति की पहली परिचात्मक बैठक समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी की अध्यक्षता में गुरुवार को विधानभवन प्रेस रूम में संपन्न हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने अपने विचार रखे और संगठन के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। इसमें पत्रकारों को पेंशन, चिकित्सा सुविधा, आवासीय समस्याओं को जल्द से जल्द लागू कराने के लिए रणनीति तैयार करने पर बात की गई। बैठक के अंत में दिवंगत फोटो जर्नलिस्ट विजय उर्फ पिंटू की स्मृति में 2 मिनट का मौन रखकर शोक व्यक्त किया गया।बैठक में विजय के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने पर विचार करते हुए।यह निर्णय लिया गया कि सभी कागजी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद इस मामले को उच्च अधिकारियों के समक्ष रखा जाएगा,ताकि उनके परिवार को उचित आर्थिक मदद दिलाई जा सके।इसके अलावा बैठक में यह तय किया गया कि हर 15 दिन में समिति की बैठक और साल में एक बार आम सभा आयोजित की जाएगी ताकि पत्रकारों के मुद्दों पर समय रहते विचार–विमर्श हो सके और आवश्यक कदम उठाए जा सकें।बैठक में पेंशन पर भी चर्चा हुई,जिसमें भविष्य में रणनीति तैयार कर काम करने की बात कही गई। बैठक में समिति के सदस्यों ने एकजुट होकर पत्रकार हितों के लिए सक्रियता से काम करने की प्रतिबद्धता जताई। बैठक में सचिव भरत सिंह सहित सभी पदाधिकारियों ने एक दूसरे से परिचय प्राप्त किया।इस अहम बैठक में अध्यक्ष हेमंत तिवारी,सचिव भारत सिंह,कोषाध्यक्ष आलोक कुमार त्रिपाठी,उपाध्यक्ष आकाश शेखर शर्मा,अविनाश चन्द्र मिश्र,राघवेन्द्र त्रिपाठी,संयुक्त सचिव विजय कुमार त्रिपाठी,अनिल कुमार सैनी,नीता देवी,सदस्य कार्यकारिणी दिलीप सिन्हा,रितेश सिंह,अब्दुल वहीद,नवेद शिकोह,वेदप्रकाश दीक्षित शबीहुल हसन,भूपेन्द्र मणि त्रिपाठी, राघवेन्द्र प्रताप सिंह,रेनू निगम,शेखर पंडित,सुयश मिश्रा,सत्येन्द्र राय मौजूद रहे।

### 11 कार्यों हेतु 57.56 लाख रूपये मंजूर

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2024–25 में जनपद फतेहपुर में सड़क निर्माण से संबंधित 11 कार्यों हेतु 57.56 लाख रूपये मंजूर किये हैं। यह धनराशि त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत मंजूर की गई है। मंजूर की गई धनराशि जनपद फतेहपुर के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गई है। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, फतेहपुर को प्रेषित कर दी गई है। नियोजन विभाग द्वारा जारी शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से विकास खण्ड मलवां में इण्टरलॉकिंग मार्ग व नाली निर्माण कार्य, विकास खण्ड तेलियानी में इण्टरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कार्य तथा विकास खण्ड खजुहा में इण्टरलॉकिंग मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा।

# खेलकूद को प्रोत्साहन देने पर ही खेल प्रतियोगिताओं में भारत नम्बर एक पर पहुंच सकता है – अखिलेश यादव

लखनऊ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से आज पेरिस ओलम्पिक 2024 के रेसलिंग में कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत ने भेंट की और उनका आशीर्वाद लिया। अखिलेश यादव ने अमन सेहरावत को बधाई देते हुए कहा कि खेलकूद को प्रोत्साहन देने पर ही खेल प्रतियोगिताओं में भारत नम्बर एक पर पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा खेलकूद को बढ़ावा और सम्मान दिया। समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजीश्री मुलायम सिंह यादव स्वयं भी कुश्ती के नामी पहलवान थे। उन्होंने और समाजवादी सरकारों ने खेलकूद को प्राथमिकता दी। कई खिलाड़ियों को यशभारती से सम्मानित करके उनका मान बढ़ाया। बताया कि समाजवादी सरकार में प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं को नकद धनराशि के साथ सरकारी नौकरी में भी वरीयता दी गई थी। समाजवादी



सरकार में ही इकाना अन्तर्राष्ट्रीय स्टेडियम राजधानी में बनाया गया। सैफई में मास्टर चंदगीराम के नाम से स्टेडियम बनाया गया। जिलों में भी स्टेडियम बनाये गये तथा ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को भी बढ़ावा दिया गया था। अमन सेहरावत 21 वर्ष के ओलम्पिक के युवा खिलाड़ी है। वे हरियाणा के झज्जर क्षेत्र के गांव बिहरोड के निवासी है और साधारण किसान परिवार से है। अमन सेहरावत के साथ सागर पहलवान, संदीप सेहरावत, अर्जुन सेहरवत, खाप के प्रदेश प्रधान तथा राजीव शर्मा ने भी श्री अखिलेश यादव से भेंट की। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

# एसटीएफ से मुठभेड़ में एक लाख का इनामिया डकैत ढ़ेर

सुल्तानपुर(आरएनएस)। दिनदहाड़े हुए सर्राफा डकैती कांड में शामिल जौनपुर जिले के डकैत को यूपी एसटीएफ की टीम ने मुठभेड़ में मार गिराया। बुधवार को ही एडीजी लखनऊ जोन ने वांछित अपराधियों पर एक एक लाख का इनाम घोषित किया था। बता दे कि बीते 28 अगस्त को नगर कोतवाली क्षेत्र के घंटाघर चौक मेजरगंज इलाके में भरत जी सर्राफ की दुकान पर दिनदहाड़े पांच डकैतों ने बड़ी डकैती की घटना को अंजाम दिया था। 03 अगस्त को सुल्तानपुर पुलिस व एसओजी की टीम ने घटना में शामिल तीन बदमाशो सचिन सिंह, पुष्पेंद्र व त्रिभुवन को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। जिसके बाद एसपी सोमेन बर्मा ने 11 वांछितो की लिस्ट जारी करते हुए। गिरफ्तारी के लिए 07 टीमों का गठन किया था। गुरुवार को भोर में कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में लखनऊ वाराणसी हाइवे पर डकैती ने वांछित आरोपी मंगेश यादव पुत्र राकेश यादव निवासी अगरौरा थाना बक्सा जौनपुर को चोरी की बाइक से जौनपुर जाने की जानकारी एसटीएफ की टीम को हुई। एसटीएफ के डीएसपी डीके शाही व विमल सिंह की टीम ने जब आरोपी को मिश्रपुर पुरैना गांव के पास रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने एसटीएफ की टीम पर फायर झोक दिया। जवाबी कार्यवाही में गोली लगने से मंगेश यादव घायल हो गया। जिसे गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सीएचसी भदैया ले जाया गया जहा मौजूद चिकित्सक ने हालात गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मंगेश यादव की मौत हो गई। नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। मुठभेड़ में मृतक हुए मंगेश के पास से एसटीएफ की टीम को पिस्टल 32 बोर व कारतूस, 315 बोर तमंचा, मोटरसाइकिल व डकैती से संबंधित गहने बरामद हुए। मृतक युवक के खिलाफ पूर्व में सुल्तानपुर,जौनपुर व प्रतापगढ़ जिले में 07 मामले दर्ज है। सीओ, कोतवाल सहित समस्त स्टाफ ने लिया फाईलेरिया की दवा

# चोरों ने घर से जेवर और नगदी किया पार

बल्दीराय सुल्तानपुर(आरएनएस)। हलियापुर व बल्दीराय थाना क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर पुलिस लगाम लगाने में नाकाम नजर आ रही है। चोर बेखौफ होकर रातों–रात घरों को निशाना बना रहे हैं। लाखों रुपये की नगदी व जेवरात चोरी कर रहे हैं। बीते सोमवार 2 सितंबर की रात को घर से नगदी समेत गहना अनुमानित कीमत करीब 12लाख चोरी हुआ लेकिन तीन दिन बीत जाने के बावजूद अभी भी पुलिस के हाथ खाली है। मामला जिले के हलियापुर थाना क्षेत्र के रामपुर बबुआन (पूरे जमादार मिश्र का पुरवा)मजरे तिरहुत का है। जहां राजवती के घर बीते सोमवार 2 सितंबर की रात चोरों ने घर के पीछे की दीवार फांदकर घर में घुसपैठ की। चोरों ने घर में रखे बक्से और अलमारी के ताले तोड़कर बीस हजार नकदी और जेवरात चुरा लिया। पीड़िता राजवती ने बताया कि वह घर के आगे वाले कमरे में सो रही थी। रात्रि करीब दो बजे उन्होंने देखा कि घर के अंदर सभी लाइटें जल रही हैं। जबकि उन्होंने सभी लाइटें बंद कर रखीं थीं। शक होने पर घर के अंदर उन्होंने जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए। पीड़िता राजवती पांडेय ने बताया कि दो सितंबर की रात को चोरों ने घर में रखे गहने–सोने का हार, माथबिंदी, दो जोड़ी झुमकी, दो मटर माला, दो पाजेब, चार अंगूठी, दो चेन, दो सुई धागा, सात जोड़ी पायल, एक जोड़ी करधन, एक जोड़ी टप्स व बीस हजार रुपए नगदी चोरी हुआ है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 12 लाख रुपए की है।

# शिक्षक दिवस पर वन विभाग ने किया कार्यक्रम "एक पेड़ गुरु के नाम"'

सुल्तानपुर(आरएनएस)। शिक्षक दिवस के मौके पर अमित सिंह प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के द्वारा "एक पेड़ गुरु के नाम" की शुरूआत की गई। डीएफओ अमित सिंह के निर्देशन में कस्बा के प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिक्षक दिवस पर



वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माडल विद्यालय की प्रधान अध्यापिका बबिता सिंह, सहायक अध्यापक विमल कुमार शुक्ला, माधुरी देवी यादव, अरुण कुमार तिवारी तथा विद्यालय बच्चे मौजूद रहे। कार्यक्रम में वन विभाग के प्रवर्तन दल प्रभारी डीके यादव, राम विशाल मिश्रा वन दरोगा व वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। प्रवर्तन दल प्रभारी डीके यादव ने कहाकि वृक्ष हमें शुद्ध पर्यावरण, शुद्ध हवा और जलवायु परिवर्तन में सहयोगी होती है,उन्होनें कहाकि हर व्यक्ति को अपने जीवन में वृक्ष अवश्य रोपित करना चाहिए, प्रभारी प्रवर्तन दल ने बताया की शिक्षक दिवस पर विद्यालय परिसर में गुरूजनों द्वारा महोगनी का वृक्ष रोपित किया गया।

# सबसे आध्यात्मिक व संदुरतम नगरी के तौर पर स्थापित होगी अयोध्या

अयोध्या(आरएनएस)। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने अयोध्या दौरे की शुरुआत राम नाथ स्वामी मंदिर में आयोजित महाकुंभाभिषेक व प्राण प्रतिष्ठा समारोह में हिस्सा लेकर की। कार्यशाला में स्थापित इस दक्षिण भारतीय शैली के मंदिर में नवस्थापित महादेव के शिवलिंग का पूजन व अर्चन करने के साथ सीएम योगी ने प्रदक्षिणा भी की। सीएम योगी ने रामनाथ स्वामी मंदिर की स्थापना को एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को समृद्ध करने वाला प्रयास बताया। उन्होंने कहा कि रामस्वामी का कार्यशाला में विराजमान होना अत्यंत आनंद का क्षण है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम और तमिलनाडु का विशेष रिश्ता है। ये हजारों वर्षों की परंपरा है। हजारों वर्ष पहले मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम जब श्रीलंका में माता सीता की खोज के लिए निकले थे तो तमिलनाडु के रामेश्वरम में सेतु बंधन के पश्चात अपने आराध्य भगवान शिव की अराधना की थी। सीएम योगी ने कहा कि संपूर्ण भारत एक है, इस संकल्प के साथ आध्यात्मिक चेतना बढ़ रही है। मौजूदा प्रयास भी इसमें एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि हम एक भारत श्रेष्ठ भारत के पीएम मोदी के कार्यक्रम हो ही आगे बढ़ा रहे हैं जो यहां भी देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत उत्तर से लेकर दक्षिण तक पूरब से लेकर पश्चिम तक एक रहा है। हमारे शास्त्र व धर्मस्थल इस बात के प्रमाण हैं। सरकारें अलग अलग रही हों मगर भारत के संतों की परंपरा ने मजबूती प्रदान की है। सीएम योगी वाराणसी में आयोजित होने वाले काशी तमिल संगमम् का उदाहरण देते हुए कहा कि काशी में तमिल संगमम् के दो संस्करण पूर्ण हो चुके हैं। काशी के बाद आज अय्या जी के कारण अयोध्या धाम भी तमिलनाडु से जुड़ चुका है। उन्होंने आगे कहा कि एक ओर आरएसएस व विश्व हिंदू परिषद द्वारा राष्ट्र जोड़ने का कार्य हो रहा है वहीं कुछ लोग ओछी राजनीति के लिए देश को बांटने की कोशिश कर रहे है। ऐसे में, मंदिर स्थापना का यह कार्यक्रम एक भारत श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को प्रशस्त करता है। अय्या जी ने भारत की एकात्मता के लिए वही कार्य कर रहे हैं जो तमिलनाडु से निकले एक संन्यासी ने सैंकड़ों वर्षों पहले पूरे सनातन धर्म को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया था।

सीएम योगी ने कहा कि अब प्रभु श्रीराम का पूरा भव्य मंदिर बनने में ज्यादा देर नहीं होने वाली है। मंदिर निर्माण को पूर्ण करने के सभी कार्य तीव्र गति से जारी है जिसके लिए मंदिर ट्रस्ट के चंपत राय, गोपाल राय व अन्य पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को पीएम मोदी द्वारा हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में समाज का पूरा नेतृत्व वर्ग अयोध्या धाम में था। अयोध्या धाम में पांच सदी के बाद विराजमान हुए राम लला का करोड़ों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया है। सीएम योगी ने जोर देकर कहा कि मेरा मानना है कि अयोध्या धाम एक नई गति के साथ दुनिया की सबसे आध्यात्मिक और सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित होकर पूरे सनातन धर्मावलंबियों के लिए एक नई प्रेरणा और प्रकाश का केंद्र बिंदु बनकर उभरेगा। वहीं, इस अवसर पर आरएसएस के पूर्व सर कार्यवाहक सुरेश भैयाजी जोशी ने कहा कि दक्षिण भारतीय शैली के इस मंदिर की स्थापना ने उत्तर और दक्षिण को जोड़ने का काम किया है जिसका माध्यम भगवान शिव व प्रभु श्रीराम बने हैं। कार्यक्रम में सीएम योगी व भय्याजी जोशी के अतिरिक्त कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, स्पिरिचुअल सेंट अय्या जी, अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महंत कमल नयन दास, स्वामी राम शरण दास, महंत अवधेश दास, जगत् गुरु दिनेशाचार्य व तमिलनाडु से आए संत, स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सीएम योगी व भय्याजी जोशी को अंगवस्त्रम व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

# देश-विदेश से पधारी प्रतिभागी छात्र टीमों का लखनऊ में हुआ भव्य स्वागत

लखनऊ, 5 सितम्बर। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय विज्ञान एवं कम्प्यूटर ओलम्पियाड 'मैकफेयर इन्टरनेशनल–2024' का भव्य उद्घाटन कल 6 सितम्बर, शुक्रवार को सायं 5.00 बजे सी. एम.एस. कानुपर रोड ऑडिटोरियम में मुख्य अतिथि श्री जयेंद्र प्रताप सिंह राठौर राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), सहकारिता विभाग, उ. प्र. द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर सी.एम. एस. छात्र देश–विदेश की प्रतिभागी छात्र टीमों एवं उनके शिक्षकों के सम्मान में विश्व एकता व शान्ति का संदेश देते अनेक शिक्षात्मक एवं प्रेरणादायी साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। मैकफेयर इण्टरनेशनल–2024 में प्रतिभाग हेतु नेपाल, श्रीलंका, भूटान एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से लगभग 500 बाल वैज्ञानिक लखनऊ पधारे हैं, जो विभिन्न रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं में अपने ज्ञान–विज्ञान का परचम लहराने के साथ ही विश्व एकता, विश्व शान्ति व विश्व बन्धुत्व का संदेश भी सारे विश्व में प्रवाहित करेंगे।'मैकफेयर इण्टरनेशनल–2024' में प्रतिभाग हेतु आज दिन भर देश–विदेश की प्रतिभागी छात्र टीमों के आने सिलसिला जारी रहा। प्रतिभागी छात्र टीमों के लखनऊ पधारने पर विद्यालय के छात्रों व शिक्षकों ने उनका भव्य स्वागत किया। प्रतिभागी छात्र टीमों के आगमन का सिलसिला आज देर रात व कल प्रातः तक जारी रहेगा।



'मैकफेयर इन्टरनेशनल–2024' का आयोजन 6 से 9 सितम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। इस अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड के अन्तर्गत देश–विदेश के भावी वैज्ञानिकों के लिए जूनियर तथा सीनियर वर्गों साइन्स ड्रामा, डिबेट, साइन्स क्विज, ग्रुप डिस्कशन, साइन्टिस्ट कैरेक्टर स्पीक, साइन्स ओलम्पियाड, आदि रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी।

# वक्फ संशोधन अधिनियम कोढ मे खाज की तरह - पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी

लखनऊ रूपसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री अनीस मंसूरी ने कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 का गहन अध्यन और देश भर के वक्फ बोर्डो में ब्याप्त तमाम कमियों व खामियों का अध्यन करने के बाद ही संयुक्त संसदीय कमेटी से मिल कर उनके समक्ष मुसलमानों की राय रखेंगें अनीस मंसूरी ने कहा कि देश भर के वक्फ बोर्डों में पहले से ही कोढ़ था। अब वक्फ संशोधन अधिनियम उस कोढ खाज की तरह हो गया है, आज जरूरत कोढ़ और खाज दोनो को खत्म करके एक साफ सुथरे और पारदर्शी वक्फ बोर्ड बनाने की जरूरत है

अनीश मंसूरी ने कहा कि तथाकथित बड़े मुस्लिम संगठन वक्फ बोर्डों में कोढ़ की तरह ब्याप्त बिमारी–भ्रस्टाचार पर किसी ने न पहले कभी बात की और न अब बात कर रहे हैं,. सभी को कोढ़ पर हुए खाज (वक्फ संशोधन अधिनियम 2024) को दूर करने की ही फिक्र है, इसके पीछे सिर्फ एक हीमंशा है कि इन मुस्लिम संगठनो के लोगों और बडेध मौलानाओं जो कि दर्जनों और सैकड़ों वक्फ सम्पतियों के मुतवल्ली है और करोड़ों रुपये सालाना कामाते हैं। इनकी आमदनी बन्द हो जायगी




अनीश मंसूरी के कहा कि इस्लाम में वक्फ की अवधारणा का सिर्फ एक मकसद है कि समाज के पसमांदा तबके के लोगों, यतीमों, बेवाओं और जाइफो की आर्थिक मदद हो सके, लेकिन वक्फ संशोधन अधिनियम 2024 का विरोध कर रहे ऑल इण्डिया मुस्लिम पर्सनल्ला बोर्ड, जमाते उलेमा हिन्द, जमाते इस्लामी हिन्द सहित तमाम मुस्लिम संगठनों में कभी इस पर बात नहीं की इसका नतीजा यह हुआ कि देश भर के वक्फ बोर्डों में भ्रष्टाचार बढ़ता गया और नौबत यहां तक आ गयी कि सरकार का हस्ताक्षेप करना पड़ा। अनीस मंसूरी में उ० प्र० सहित देश के सभी राज्यों को वक्फ बोर्ड के अध्ययन के लिए एक कमेटी का गठन किया है। यह कमेटी एक महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी। इस रिपोर्ट के आधार पर पसमांदा मुस्लिम समाज का प्रतिनिधि मण्डल से संयुक्त संसदीय कमेटी के अध्यक्ष मा० जगदम्बिका पाल जी से मिलकर उनकी असलियत से वाकिफ करायेगा।

# सनातन ही दुनिया का एकमात्र धर्म – सीएम योगी

अयोध्या(आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हम सबके सामने विकसित भारत का मानचित्र रखा है। इसमें नागरिक कर्तव्य सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। देश और सनातन धर्म के लिए अब हमें अपने अधिकारों की चिंता कम और नागरिक कर्तव्यों के विषय में ज्यादा चिंतन करना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन ही दुनिया का एकमात्र धर्म है। सनातन धर्म सुरक्षित एवं समृद्धि के पथ पर अग्रसर रहेगा तो विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। अगर सनातन धर्म खतरे में पड़ेगा तो विश्व मानवता का जीवन खतरे में पड़ जाएगा।

सीएम योगी गुरुवार को अयोध्या में सिंघल फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित भारतात्मा अशोक सिंघल वेद पुरस्कार–2024 के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अशोक सिंघल जी ने काशी हिंदू विश्विद्यालय से इंजीनियरिंग की डिग्री ली थी, लेकिन उनका जीवन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के एक प्रचारक के रुप में सनातन धर्म के लिए समर्पित था। सीएम योगी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन और अशोक सिंघल एक–दूसरे के पूरक थे। सीएम योगी ने कहा कि सिंघल जी के पास सोते, जागते, उठते, बैठते सिर्फ एक ही कार्य था, श्रीराम जन्मभूमि की प्राप्ति। उसके लिए वो शांति और क्रांति दोनों मार्गों को अपनाने को आतुर रहते थे। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में उनके योगदान का प्रतिफल है कि 22 जनवरी 2024 के दिन इस सदी की सबसे उत्कृष्ट घटना घटी। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से भव्य मंदिर में प्रभु श्रीरामलला विराजमान हुए। साधना जब सच्ची होती है तो परिणाम प्राप्त होता ही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला का विराजमान होना गुलामी के अंशों की समाप्ति है, जो अब थमने वाला नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि अछूतोद्धार के लिए सिंघल के प्रयास अतुलनीय है। उनके द्वारा स्थापित वेद विद्यालय और एकल विद्यालय भी श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन का हिस्सा थे। उन्होंने कहा कि वेदो अखिलो धर्म मूलम् यानी अखिल विश्व के धर्म का अगर कोई मूल है तो वेद हैं। अशोक सिंघल ने वेदों के इस महत्व को अपने जीवन में अक्षरशः उतारने का कार्य किया था। सीएम योगी ने कहा कि गोरक्षक सुंदर यादव की आजमगढ़ में गोतस्करों ने हत्या कर दी थी। उस हत्या के खिलाफ आंदोलन हुआ था, जिसका अशोक सिंघल जी नेतृत्व कर रहे थे। इसी का परिणाम रहा कि गोरक्षक सुंदर यादव के हत्यारे जेल गए।

सीएम योगी ने कहा कि भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा यानी भारत की प्रतिष्ठा संस्कृत और संस्कृति में हो सकती है। यही भारत की आत्मा है और यही विश्व की आत्मा हो सकती है। उन्होंने कहा कि दुनिया आज शांति, सुरक्षा और सौहार्द्र के लिए भारत की तरफ आशा भरी निगाहों से देखती है। पूरी दुनिया में आज कोई भी घटना घटित होती है तो दुनिया की निगाह भारत के नेतृत्व की तरफ होती है। सीएम योगी ने कहा कि दुनिया में जब भी शांति, सौहार्द्र, सुख और समृद्धि की बात होगी तो दुनिया का ध्यान भारत के गुरुकुलों की तरफ जाएगा। भारत ही उसका नेतृत्व करेगा।

सीएम योगी की मौजूदगी में वेद मूर्ति वयोवृद्ध ब्रह्मर्षि विष्णु पटल सुब्रमण्यम को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड ,आचार्य गोपाल चंद्र मिश्र वैदिक उन्नयन संस्थान, काशी, उत्तर प्रदेश को उत्तम वेद विद्यालय के लिए सात लाख का पुरस्कार, मेडल व प्रमाण पत्र , आदर्श वेदाध्यापक कुलपति आर. चंद्रमौलि श्रौती, तमिलनाडु को पांच लाख का पुरस्कार , मेडल व प्रमाण पत्र, उत्कृष्ट वेद विद्यार्थी नारायण लाल शर्मा राजस्थान को तीन लाख का पुरस्कार, मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में सीएम योगी के साथ भइया जी जोशी, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय, आध्यात्मिक संत आइया जी, सिंघल फाउंडेशन के अध्यक्ष सलिल सिंघल, न्यासी संजय सिंघल, निर्णायक समिति के सदस्य एवं अयोध्या के कई संत मौजूद थे।

# उत्पीड़न को लेकर लामबन्द हो गये पत्रकार

जौनपुर(आरएनएस)। सूबे के खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव द्वारा जनपद के वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह को दो कौड़ी के हो सहित अन्य अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने के अलावा सुरेरी थाना पुलिस द्वारा पत्रकार को गाली देते हुये मारने एवं मुकदमा दर्ज करने सहित अन्य मुद्दों को लेकर जनपद के पत्रकार लामबन्द हो गये। इसी को लेकर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष संजय अस्थाना के नेतृत्व में पत्रकारों का एक समूह कलेक्ट्रेट पहुंचा जहां जबर्दस्त नारेबाजी करते हुये धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि फर्जी मुकदमा हटाया जायेगा। साथ ही बताया कि पुलिस अधीक्षक ने दोषी पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है।धरनास्थल पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुये जिलाध्यक्ष श्री अस्थाना ने कहा कि खेल मंत्री गिरीश चन्द्र यादव ने पत्रकारों को कहा कि दो कौड़ी के हो। तुम्हारी औकात क्या है। देख लूंगा तुमको। ऐसे मंत्री को तत्काल मंत्रिमण्डल से बाहर कर दिया जाय। सुरेरी थाना पुलिस द्वारा दो पत्रकार को इसलिये गाली देते हुये पीटने के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया, क्योंकि वह यह पूछ लिया था कि नेम प्लेट क्यों नहीं लगाये हैं? शाहगंज के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के मुख्य साजिशकर्ता को तत्काल गिरफ्तार किया जाय। पत्रकारों की सुरक्षा के लिये असलहे का लाइसेंस दिया जाय। इसके बाद मुख्यमंत्री के नाम सम्बोधित मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया जिस पर उन्होंने सकारात्मक आश्वासन दिया। देवेन्द्र खरे, पंकज राय, बरसाती लाल कश्यप, प्रदीप पाण्डेय, मयंक श्रीवास्तव, लक्ष्मी नरायन मौर्य, वरूण शुक्ल, रमेश गौतम, बृजेश मिश्र, प्रो. आशाराम यादव, रोहित मिश्र, उमेश चन्द्र तिवारी, श्याम रतन श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, सतीश चौहान, प्रदीप चौरसिया, संजय चौरसिया, गौरव सोनकर, अखिलेश अग्रहरि, सुजीत वर्मा एडवोकेट, आलोक सिंह, एमएच सिद्दीकी, आलोक सिंह, संतोष मिश्रा, संजय प्रजापति, महरोज अहमद, आफताब आलम, सूर्य प्रकाश मौर्य, धर्मेन्द्र गिरि, प्रशांत विक्रम सिंह, सतीश चन्द्र शुक्ल सहित सैकड़ों पत्रकार उपस्थित रहे।

# राष्ट निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण

जौनपुर(आरएनएस)। राष्ट्र के निर्माण में जिन जिन लोगों का योगदान महत्वपूर्ण होता है उन्हें भी शिक्षक ही शिक्षित करता है इसलिए राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है!यह उदगार लायंस क्लब रॉयल द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने व्यक्त किया। पूर्व राष्ट्रपति महान शिक्षाविद सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित भव्य शिक्षक सम्मान समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि,क्लब अध्यक्ष मधुसूदन बैंकर व अन्य मंचासीन लोगों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर हुआ । शिक्षा के साथ साथ समाज में भी उत्कृष्ट कार्य करने वाले गुरुजन पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एच आर डी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ0 रसिकेश, शिया इंटर कालेज के प्रिंसिपल डॉ अलमदार नजर, शिया इंटर कालेज के शिक्षक मो.रजा खान,माडल यूपीएस इब्राहिमाबाद की शिक्षिका माधुरी जायसवाल,कम्पोजिट विद्यालय मैनीपुर की अध्यापिका सुनीता साहू, संस्था सदस्य बी. आर.पी.इंटर कालेज के लेक्चरर ऋषि श्रीवास्तव को मुख्यातिथि ने माल्यार्पण, अंगवस्त्रम,व सम्मानपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। डा.अलमदार नजर ने कहा शिक्षक मोमबत्ती के समान है जो खुद जलकर रोशनी बिखेरता है डॉ रसिकेश ने कहा शिक्षकों पर स्वस्थ समाज के निर्माण की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है! संस्थापक अध्यक्ष अजय गुप्ता ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम आने वाली पीढ़ी में शिक्षकों के प्रति आदरभाव पैदा करेगा। संजीव साहू, डा.विष्णु गौड़, राजेन्द्र स्वर्णकार, गोपाल जी साहू ने पढ़ा। संचालन सचिव अजय सोनकर ने किया। राकेश साहू,विक्रम चौरसिया,शम्भू नाथ सोनी, विनीत गुप्ता,विनय साहू,जितेंद्र सोनी, संजय जायसवाल,बालकृष्ण साहू, विनोद अग्रहरि, राज केशरी, वैभव प्रधान, आशीष गुप्ता, राजकुमार कश्यप, ज्ञानेंद्र साहू सहित अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# तीज पर मेहदी लगवाने को महिलाओं की भीड़

जौनपुर(आरएनएस)। भारतीय महिलाओं के श्रृंगार में मेहंदी का अपना खास स्थान है. हरतालिका तीज के मौके पर महिलाएं एक सप्ताह पहले से अपने सोलह श्रृंगार की तैयारी शुरू कर देती हैं. ऐसे में तीज के पहले मेहंदी बाजार में महिलाओं की भीड़ बढ़ गई है. इस वर्ष हरतालिका तीज छह सितंबर को मनाया जाएगा, जिसको लेकर महिलाओं ने तैयारी शुरू कर दी है। ऐसे में मेहंदी बाजार में महिलाओं की भीड़ बढ़ गई है. ऐसी मान्यता है कि तीज में मेहंदी लगाने से पतियों की उम्र बढ़ती है.आम तौर पर कहा जाता है कि जिसकी मेहंदी जितनी रंग लाती है, उसको उतना ही अपने पति और ससुराल का प्रेम मिलता है. ऐसे तो सावन महीने से ही पटना के बाजारों में मेहंदी के छोटी से बड़ी दुकानों में लड़कियों और महिलाओं की भीड़ लगी रहती है, लेकिन हरतालिका तीज के दौरान तो यह भीड़ काफी बढ़ जाती है। तीज के दौरान कोई भी ऐसा मार्केट कॉम्प्लेक्स नहीं होता, जहां मेहंदी वाले नहीं होते। इन मेहंदी लगाने वालों के डिजाइन के अनुसार अपने रेट हैं। आम तौर पर महिलाएं 100 से लेकर 300 रुपये तक मेहंदी लगवा रही हैं. । विभिन्न डिजाइन में राजस्थानी, अरेबिक, बॉम्बे गोल्ड, सिल्वर और ब्लैक मेहंदी लगवाती हैं। पिछले वर्ष की तुलना में मेहंदी लगवाने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ी है। दुकानदार बताते हैं कि एक अनुमान के मुताबिक हरतालिका तीज में ग्राहकों की संख्या अन्य दिनों से चार गुनी बढ़ जाती है. इस कारण हमलोग भी कारीगरों की संख्या में इजाफा करते हैं. तीज के एक सप्ताह पहले से मेहंदी लगवाने वाली महिलाओं की संख्या बढ़ जाती और तीज की पूर्व संध्या पर ये और ज्यादा हो जाती है।

# 30 बच्चों का बना दिव्यांग प्रमाण पत्र

जौनपुर(आरएनएस)। बीआरसी महराजगंज में समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरख नाथ पटेल व जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय के निर्देश से खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश चंद्र पटेल की के देख रेख मेडिकल एसिसमेंट कैम्प का अयोजन हुआ। जिसमें मेडिकल विभाग की टीम में डॉ0 एस पी अग्रवाल आर्थोपेडिक, डॉ शेष कुमार मिश्रा आई , डॉ राम प्रकाश पाल मनोचिकित्सक, डॉ सुरेन्द्र कुमार प्रजापति ऑडियोलाजिस्ट उपस्थित हुए जिसमें 38 बच्चों ने प्रतिभाग किया 30 बच्चों का दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया गया 5 बच्चों को जिला अस्पताल रेफर किया गया 3 बच्चों को रिजेक्ट किया गया मौके पर बबलू मौर्या विशेष शिक्षक भानू प्रकाश सिंह, प्रियंक द्विवेदी, मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले बढ़ा-चढ़ाकर बताए गए, मोहम्मद यूनुस ने दिया अजीबोगरीब तर्क



मुहम्मद यूनुस ने कहा कि अल्पसंख्यकों पर हमले राजनीतिक नतीजे का हिस्सा थे, क्योंकि ऐसी धारणा थी कि ज्यादातर हिंदू शेख हसीना के नेतृत्व वाली अब अपदस्थ अवामी लीग सरकार का समर्थन करते हैं।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने देश में हिंदुओं पर हो रहे हिंसक हमलों पर भारत की चिंताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमलों के मुद्दे को अतिरंजित किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले सांप्रदायिक से ज्यादा राजनीतिक हैं। यूनुस ने कहा कि अल्पसंख्यकों पर हमले राजनीतिक नतीजे का हिस्सा थे, क्योंकि ऐसी धारणा थी कि ज्यादातर हिंदू शेख हसीना के नेतृत्व वाली अब अपदस्थ अवामी लीग सरकार का समर्थन करते हैं। उन्होंने कहा कि मैंने (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी से भी यह कहा है कि यह अतिरंजित है। इस मुद्दे के कई आयाम हैं। नोबेल पुरस्कार विजेता ने कहा कि जब देश (शेख) हसीना और अवामी लीग के अत्याचारों के बाद उथल-पुथल से गुजरा, तो जो लोग उनके साथ थे, उन्हें भी हमलों का सामना करना पड़ा। यह बयान 5 अगस्त को पूर्व प्रधान मंत्री शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद बांग्लादेश से हिंदुओं के खिलाफ हिंसा और हमलों की कई रिपोर्टें सामने आने के बाद आया है।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, हिंदू मंदिरों और व्यवसायों में तोड़फोड़ की गई और अवामी लीग के दो हिंदू नेताओं की हत्या कर दी गई। यूनुस ने कहा कि अब, अवामी लीग के कार्यकर्ताओं की पिटाई करते समय, उन्होंने हिंदुओं को पीटा था क्योंकि ऐसी धारणा है कि बांग्लादेश में हिंदुओं का मतलब अवामी लीग समर्थक है। मैं यह नहीं कह रहा कि जो हुआ वह सही है, लेकिन कुछ लोग इसे संपत्ति जब्त करने के बहाने के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। इसलिए, अवामी लीग समर्थकों और हिंदुओं के बीच कोई स्पष्ट अंतर नहीं है।

# सिंगापुर कंपनियों के सीओएस से पीएम मोदी ने की मीटिंग, जानें क्या हुई बात ?

प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर में सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात की और भारत-सिंगापुर सहयोग को व्यापक और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सिंगापुर में बिजनेस लीडर्स के साथ गोलमेज बैठक की। आज सिंगापुर में पीएम मोदी से मुलाकात करने वाले शीर्ष कारोबारी नेताओं में ब्लैकस्टोन सिंगापुर, टेमासेक होल्डिंग्स, सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कैपिटललैंड इन्वेस्टमेंट, एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डेटा सेंटर और सिंगापुर एयरवेज के सीईओ शामिल थे। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर में सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात की और भारत-सिंगापुर सहयोग को व्यापक और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की। सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्री ली सीन लूंग द्वारा आयोजित दोपहर के भोजन में भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी और सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग ने गुरुवार को सिंगापुर के संसद भवन में मुलाकात की। दोनों नेताओं ने अपने प्रतिनिधिमंडलों के साथ द्विपक्षीय बैठक की। अपनी बातचीत में दोनों नेताओं ने भारत-सिंगापुर द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद, दोनों पक्षों ने डिजिटल प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम लॉरेंस वोंग को



भारत आने का न्योता दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगापुर के चौथी पीढ़ी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए देश की उल्लेखनीय प्रगति की बृहस्पतिवार को सराहना की तथा इसे दुनिया भर के विकासशील देशों के लिए एक आदर्श बताया। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ बातचीत के दौरान मोदी ने इस समृद्ध देश के प्रधानमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपके प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद यह हमारी पहली मुलाकात है। मेरी ओर से आपको बहुत-बहुत बधाई। मुझे पूरा भरोसा है कि 4जी (चौथी पीढ़ी के नेताओं) के नेतृत्व में सिंगापुर और भी तेजी से प्रगति करेगा।

# यूक्रेन युद्ध पर भारत का नाम लेकर पुतिन ने कर दिया क्या बड़ा ऐलान, अमेरिका-ब्रिटेन भी हो गए हैरान

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि चीन, भारत और ब्राजील यूक्रेन पर संभावित शांति वार्ता में मध्यस्थ के रूप में कार्य कर सकते हैं। पुतिन ने कहा कि युद्ध के पहले हफ्तों में इस्तांबुल में वार्ता में रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों के बीच एक प्रारंभिक समझौता हुआ था, जिसे कभी लागू नहीं किया गया था, जो वार्ता के आधार के रूप में काम कर सकता है।रूस और यूक्रेन के बीच की जंग पिछले दो वर्षों से जारी है। बीच बीच में दोनों देशों के युद्ध को रुकवाने की पहला विभिन्न देशों की ओर से की जाती रही है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस के बाद यूक्रेन का दौरा किया तो दुनिया को शांतिदूत की भूमिका निभाते भारत नजर आया।



लेकिन फिर रूस और यूक्रेन रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि चीन, भारत और ब्राजील यूक्रेन पर संभावित शांति वार्ता में मध्यस्थ के रूप में कार्य कर सकते हैं। पुतिन ने कहा कि युद्ध के पहले हफ्तों में इस्तांबुल में वार्ता में रूसी और यूक्रेनी वार्ताकारों के बीच एक प्रारंभिक समझौता हुआ था, जिसे कभी लागू नहीं किया गया था, जो वार्ता के आधार के रूप में काम कर सकता है।

# भारत में मुंह पर ताला लगाकर बैठें शेख हसीना, नहीं तो...मोहम्मद यूनुस ने दी खुली चेतावनी

यूनुस ने कहा कि अगर भारत, बांग्लादेश द्वारा हसीना को वापस बुलाए जाने तक उन्हें अपने पास रखना चाहता है तो शर्त यह होगी कि उन्हें (हसीना को) चुप रहना होगा। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस ने भारत की ओर से देश पर राजनीतिक टिप्पणी करने के लिए बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर निशाना साधा है। यूनुस ने इसे अमित्रतापूर्ण इशारा बताया। यूनुस के अनुसार, जब तक ढाका उसके प्रत्यर्पण का अनुरोध नहीं करता, तब तक दोनों देशों को असुविधा से बचाने के लिए हसीना को चुप रहना चाहिए। यूनुस ने कहा कि अगर भारत, बांग्लादेश द्वारा हसीना को वापस बुलाए जाने तक उन्हें अपने पास रखना चाहता है तो शर्त यह होगी कि उन्हें (हसीना को) चुप रहना होगा। यूनुस 13 अगस्त की हसीना की टिप्पणियों का जिक्र कर रहे थे, जिसमें उन्होंने न्याय की मांग करते हुए कहा था कि हाल के आतंकवादी कृत्यों, हत्याओं और बर्बरता में शामिल लोगों की जांच की जानी चाहिए और उन्हें दंडित किया जाना चाहिए। यूनुस के मुताबिक, हसीना की टिप्पणियां बांग्लादेश या भारत के लिए अच्छी नहीं



हैं। देश में जारी विरोध प्रदर्शनों के बीच शेख हसीना ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और भारत में शरण ली थी। इसके बाद यूनुस को अंतरिम सरकार का प्रमुख नियुक्त किया गया। यूनुस ने कहा कि भारत में कोई भी उनके रुख से सहज नहीं है क्योंकि मुकदमा चलाने के लिए उन्हें वापस लाना चाहते हैं। वह भारत में हैं और कुछ बयान दे रही हैं जो कि समस्या पैदा करते हैं। अगर वह चुप रहतीं, तो हम इसे भूल जाते। लेकिन भारत में बैठकर वह बोल रही हैं और निर्देश दे रही हैं। यह किसी को रास नहीं आ रहा। भारत के साथ द्विपक्षीय समझौतों के भविष्य के बारे में यूनुस ने कहा कि पारगमन और अदाणी बिजली समझौते जैसे कुछ समझौतों पर फिर से विचार करने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर कोई कह रहा है कि इसकी जरूरत है। हम देखेंगे कि दस्तावेजों पर क्या है और जमीनी हकीकत क्या है। मैं इसका विशेष रूप से उत्तर नहीं दे सकता। अगर समीक्षा करने की जरूरत हुई तो हम इसके बारे में सवाल करेंगे। बीएनपी ने कहा है कि अगर वह सत्ता में आती है तो अवामी लीग शासन के दौरान हस्ताक्षरित संदिग्ध अडानी बिजली सौदे की समीक्षा और पुनर्मूल्यांकन करेगी, क्योंकि यह बांग्लादेश के लोगों पर बहुत अधिक दबाव डाल रहा है।

# फ्रांस में चुनाव के दो महीने बाद हुआ नए प्रधानमंत्री का ऐलान, मैक्रों ने सभी को चौंकाया

एलिसी पैलेस ने कहा कि यह नामांकन परामर्श के एक अभूतपूर्व चक्र के बाद आता है, और अपने संवैधानिक कर्तव्य को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रपति ने यह सुनिश्चित किया कि प्रधान मंत्री और उनकी सरकार के पास सबसे स्थिर स्थितियां होंगी और वे अधिक व्यापक रूप से एकजुट होने में सक्षम होंगे।एलिसी पैलेस ने गुरुवार को एक बयान में कहा, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन ने पूर्व मुख्य ब्रेक्सिट वार्ताकार मिशेल बार्नियर को फ्रांस का नया प्रधान मंत्री नियुक्त किया है। बार्नियर की नियुक्ति ने अंततः फ्रांस में राजनीतिक अराजकता को शांत कर दिया है। एलिसी पैलेस ने कहा कि यह नामांकन परामर्श के एक अभूतपूर्व चक्र के बाद आता है, और अपने संवैधानिक कर्तव्य को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रपति ने यह सुनिश्चित किया कि प्रधान मंत्री और उनकी सरकार के पास सबसे स्थिर स्थितियां होंगी और वे अधिक व्यापक रूप से एकजुट होने में सक्षम होंगे।बार्नियर 2016 में ब्रेक्सिट टास्क फोर्स के प्रमुख बने। पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, इससे पहले, उन्होंने चार बार कैबिनेट मंत्री के रूप में और दो बार यूरोपीय आयुक्त के रूप में कार्य किया था। यह ध्यान रखना उचित है कि बार्नियर ब्रूसेल्स में एक प्रसिद्ध व्यक्तित्व हो सकता है, लेकिन फ्रांस में अपने घर में उसे ज्यादा नहीं जाना जाता है। वह लेस रिपब्लिकन पार्टी के एक रूढ़िवादी व्यक्ति हैं। बार्नियर अब एक ऐसी सरकार बनाने का कठिन कार्य



शुरू करेंगे जिसे गहराई से विभाजित फ्रांसीसी विधायिका द्वारा तुरंत नहीं गिराया जाएगा।आकस्मिक चुनावों के परिणामस्वरूप फ्रांस में त्रिशंकु संसद बनी, जिसमें पैन-लेफ्ट न्यू पॉपुलर फ्रंट ने सबसे अधिक सीटें जीतीं, लेकिन पूर्ण बहुमत से पीछे रह गई। पोलिटिको की रिपोर्ट के अनुसार, मैक्रॉन ने गठबंधन के प्रधान मंत्री उम्मीदवार, 37 वर्षीय सिविल सेवक लूसी कास्टेट्स का चयन करने से इनकार कर दिया, उनका दावा था कि उनके पास प्रभावी ढंग से शासन करने के कौशल की कमी है। बार्नियर, अपने आधिकारिक नामांकन से कुछ घंटे पहले, बुधवार देर रात विशेष रूप से सबसे आगे बनकर उभरे।

# यूक्रेन को ताकत दिखाने का मौका देना क्या त्नेपं की कोई चाल थी ? Putin की Mongolia यात्रा के क्या मायने हैं ?

ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि दूसरी ओर रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसकी सेना ने पोक्रोव्स्क से लगभग 30 किलोमीटर (19 मील) दूर प्रीचिस्टिव्का और कार्लिव्का की बस्तियों पर नियंत्रण कर लिया है।प्रभासाक्षी न्यूज नेटवर्क के खास कार्यक्रम शौर्य पथ में इस सप्ताह हमने ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) से जानना चाहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध अब किस मोड़ पर है? हमने जानना चाहा कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन मंगोलिया की यात्रा पर क्यों पहुँचे हैं? साथ ही मंगोलिया ने पुतिन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय कोर्ट का वारंट होने के बावजूद उनको गिरफ्तार क्यों नहीं किया? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि रूस ने यूक्रेन के मध्य भाग में इस साल का सबसे बड़ा हमला किया है जिसमें 50 से ज्यादा लोगों के मारे जाने और 180 लोगों के घायल होने की खबर है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध को चलते हुए 925 दिन हो गये हैं लेकिन समाधान की ओर जाने वाला रास्ता अब तक नहीं दिखाई दे रहा है।ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि रूस के ताजा हमलों में यूक्रेन के और स्कूल, चिकित्सा सुविधाएं और कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गई हैं जिनके पुनर्निर्माण की राह आसान नहीं है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन ल्वीव पर हमले के बाद पोलैंड ने अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लड़ाकू विमानों को तैनात कर दिया है। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी आपातकालीन सेवाओं ने कहा है कि रूसी मिसाइल का मलबा केंद्रीय शहर क्रिवी रिह पर गिरा जिससे एक होटल क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं यूक्रेन की वायु सेना ने कहा है कि उसने रूस द्वारा तैनात 13 मिसाइलों में से सात और 29 ड्रोन में से 22 को मार गिराया है।

ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि दूसरी ओर रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसकी सेना ने पोक्रोव्स्क से लगभग 30 किलोमीटर (19 मील) दूर प्रीचिस्टिव्का और कार्लिव्का की बस्तियों पर नियंत्रण कर लिया है। उन्होंने कहा कि बेलगोरोड के क्षेत्रीय गवर्नर व्याचेस्लाव ग्लैडकोव ने कहा है कि यूक्रेन द्वारा रूसी सीमा क्षेत्र के एक गांव पर गोलाबारी के बाद तीन लोग मारे गए और दो घायल हो गए। उन्होंने कहा कि रूस के रक्षा मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि उसने पोल्टावा में एक सैन्य शैक्षणिक संस्थान और अस्पताल पर हमला किया। रूस ने दावा किया है कि वह सैनिकों, विदेशी प्रशिक्षकों और ड्रोन ऑपरेटरों को निशाना बना रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि कुछ दिन पहले यूक्रेन को ताकत दिखाने का मौका देकर रूस ने उसे अपनी चाल में फंसा लिया है क्योंकि बड़ी संख्या में यूक्रेनी सैनिक रूस में फंस गये हैं और दूसरी ओर रूसी सैनिक धड़ाधड़ यूक्रेन पर कब्जा करते चले जा रहे हैं। ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि दूसरी ओर, यूक्रेन ने पुतिन को गिरफ्तार करने में मंगोलिया



की विफलता की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय वारंट पर वांछित क्रेमलिन नेता व्लादिमीर पुतिन को गिरफ्तार करने में मंगोलिया की विफलता ने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक कानून प्रणाली को गंभीर झटका दिया है। उन्होंने कहा कि पुतिन रूस और चीन को जोड़ने वाली एक नई गैस पाइपलाइन पर केंद्रित बातचीत के लिए मंगोलिया पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि माना यह भी जा रहा है कि चेचन्या के अलावा मंगोलिया से भी लड़ाकों को भेजने के लिए पुतिन आग्रह करके आये हैं। उन्होंने कहा कि पुतिन के खिलाफ पिछले साल अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय की ओर से गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उन्होंने कहा कि अदालत का यह वारंट मंगोलिया सहित 124 सदस्य देशों को उनके क्षेत्र में कदम रखते ही रूसी राष्ट्रपति को गिरफ्तार करने और मुकदमे के लिए हेग में स्थानांतरित करने के लिए बाध्य करता है लेकिन इसका पालन नहीं किया गया। ब्रिगेडियर श्री डीएस त्रिपाठी जी (सेवानिवृत्त) ने कहा कि यूक्रेनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता हेरही तिखाई ने कहा कि पुतिन को हिरासत में लेने में मंगोलिया की विफलता ष्अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय और आपराधिक कानून की व्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका है।श्श उन्होंने बताया कि तिखाई ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर लिखा है कि मंगोलिया ने एक आरोपी अपराधी को न्याय से बचने की इजाजत दी है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन अपने सहयोगियों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगा कि मंगोलिया को इसके परिणाम भुगतने पड़ें। उन्होंने कहा कि दूसरी ओर क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा है कि मॉस्को को वारंट के संबंध में किसी भी कार्रवाई के बारे में कोई चिंता नहीं थी। उन्होंने कहा कि रूस ने मंगोलिया के साथ एक सार्थक बातचीत की थी और यात्रा के सभी पहलुओं पर पहले से चर्चा की गई थी। हम आपको बता दें कि आईसीसी वारंट में पुतिन पर यूक्रेन से सैंकड़ों बच्चों को अवैध रूप से निर्वासित करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि क्रेमलिन ने आरोप को खारिज करते हुए कहा है कि यह राजनीति से प्रेरित है।

# Singapore की कंपनियों के CEOs से PM मोदी ने की मीटिंग, जानें क्या हुई बात ?

प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर में सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात की और भारत-सिंगापुर सहयोग को व्यापक और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को सिंगापुर में बिजनेस लीडर्स के साथ गोलमेज बैठक की। आज सिंगापुर में पीएम मोदी से मुलाकात करने वाले शीर्ष कारोबारी नेताओं में ब्लैकस्टोन सिंगापुर, टेमासेक होल्डिंग्स, सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज लिमिटेड, कैपिटललैंड इन्वेस्टमेंट, एसटी टेलीमीडिया ग्लोबल डेटा सेंटर और सिंगापुर एयरवेज के सीईओ शामिल थे। इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने सिंगापुर में सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन शनमुगरत्नम से मुलाकात की और भारत-सिंगापुर सहयोग को व्यापक और गहरा करने के तरीकों पर चर्चा की।सिंगापुर के वरिष्ठ मंत्री ली सीन लूंग



द्वारा आयोजित दोपहर के भोजन में भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी और सिंगापुर के पीएम लॉरेंस वोंग ने गुरुवार को सिंगापुर के संसद भवन में मुलाकात की। दोनों नेताओं ने अपने प्रतिनिधिमंडलों के साथ द्विपक्षीय बैठक की। अपनी बातचीत में दोनों नेताओं ने भारत-सिंगापुर द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति की समीक्षा की। इसके बाद, दोनों पक्षों ने डिजिटल प्रौद्योगिकी, सेमीकंडक्टर, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में चार समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पीएम लॉरेंस वोंग को भारत आने का न्योता दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सिंगापुर के चौथी पीढ़ी के नेतृत्व में विश्वास व्यक्त करते हुए देश की उल्लेखनीय प्रगति की बृहस्पतिवार को सराहना की तथा इसे दुनिया भर के विकासशील देशों के लिए एक आदर्श बताया। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ बातचीत के दौरान मोदी ने इस समृद्ध देश के प्रधानमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आपके प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद यह हमारी पहली मुलाकात है। मेरी ओर से आपको बहुत-बहुत बधाई। मुझे पूरा भरोसा है कि 4जी (चौथी पीढ़ी के नेताओं) के नेतृत्व में सिंगापुर और भी तेजी से प्रगति करेगा।

विजडम इण्डिया R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608 हिन्दी दैनिक समाचार पत्र



# फिल्म देवरा का नया गाना दाउदी जारी, जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की खूब जमी जोड़ी

जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर एक्शन ड्रामा फिल्म देवरा पार्ट 1 की रिलीज के दिन नजदीक आ रहे हैं. जूनियर एनटीआर के फैंस को फिल्म क देवरा पार्ट 1 का इंतजार बेसब्री से हो रहा है. अभी फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज नहीं हुआ है. फिल्म से अभी जूनियर एनटीआर और जाह्नवी कपूर की बस झलक देखने को ही मिली है. वहीं, फिल्म का एक गाना धीरे–धीरे रिलीज हुआ है, जिसे यूट्यूब पर 100 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं. अब फिल्म का एक और गाना दावूदी रिलीज हो गया है. देवरा के मेकर्स ने एलान किया था कि 4 सितंबर को फिल्म का गाना दाउदी रिलीज होने जा रहा है.

सॉन्ग दावूदी को नकाश अजीज, आकाशा और रम्या बेहरा ने गाया है. गाने के बोल रामजोग्या शास्त्री, मुनीर कौसर, और विग्नेश शिवान, वरदराजा चिकन बल्ला पुरा और मनकोंबू गोपालकृष्ण ने लिखे हैं. गाने दावूदी को साउथ फिल्म इंडस्ट्री के नौजवान म्यूजिक डायरेक्टर अनिरुद्ध रविचंदर ने कंपोज किया है.



जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान स्टारर फिल्म देवरा पार्ट 1 को कोराताला सिवा ने डायरेक्ट किया है. फिल्म से जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान अपना साउथ डेब्यू करने जा रहे हैं. फिल्म मौजूदा महीने की 27 सितंबर को रिलीज होने जा रही है. फिल्म में जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी. यह पहली बार होगा जब जूनियर एनटीआर और सैफ अली खान आमने सामने होंगे. बता दें, फिल्म आरआरआर (2022) के बाद जूनियर एनटीआर फिल्म देवरा पार्ट 1 से बड़े पर्दे पर उतर रहे हैं.

## बाक्स आफिस पर स्त्री 2 की पकड़ बरकरार, भारत में कमाई 500 करोड़ रुपये के करीब, कल्कि 2898 एडी की 20वें दिन की कमाई ध्वस्त

श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव और पंकज त्रिपाठी की फिल्म स्त्री 2 ने सिनेमाघरों में धूम मचा दी है। मेकर्स से लेकर थिएटर मालिक तक इस फिल्म को लेकर बल्ले–बल्ले कर रहे हैं। पहले ही दिन फिल्म ने गिन–गिन कर बड़ी फिल्मों के रेकॉर्ड तोड़े और 50 करोड़ की लागत से बनी इस फिल्म ने खूब झंडे गाड़े हैं। आइए जानते हैं तीसरे मंगलवार को फिल्म ने क्या इतिहास रचा है।फिल्म के बजट पर नजर डालें तो यकीनन स्त्री 2 इस साल की सबसे धांसू



फिल्म बन चुकी है। हालांकि, इस साल के अंत तक कई बड़ी फिल्में कतार में हैं, जिसमें भूल भुलैया 3 से लेकर सिंघम अगेन जैसी कई और फिल्में शामिल हैं, लेकिन 50 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने जो अपना दायरा दिखाया है, अब आनेवाली फिल्मों के लिए ये कड़ा कॉम्पिटिशन साबित हुई है। पंकज त्रिपाठी की ये फिल्म रोज कोई न कोई रेकॉर्ड को झटका दे ही रही है। अगर इस फिल्म की तुलना इस साल की सबसे बम्पर कमाई करने वाली और प्रभास, अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण जैसे सितारों से सजी फिल्म कल्कि 2898 एडी से करें तो राजकुमार राव की ये फिल्म आगे निकल चुकी है।सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, स्त्री 2 ने 20वें दिन करीब 5.5 करोड़ रुपये की कमाई की है। कुल मिलाकर फिल्म ने 492.3 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। वहीं इस साल आई कल्कि 2898 एडी ने 20वें दिन तमिल, तेलुगू, हिन्दी, कन्नड़ और मलयालम में मिलाकर 5.1 करोड़ की कमाई की थी। वहीं केवल हिन्दी में कमाई की बात करें तो कल्कि ने 20वें दिन केवल 3 करोड़ का कलेक्शन किया था। वहीं राजकुमार राव , श्रद्धा कपूर, पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना की ये फिल्म स्त्री 2 ने वर्ल्ड्वाइड 713.00 करोड़ का आंकड़ा छू लिया है। फिल्म ने विदेश में 125.00 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। वहीं इस फिल्म ने देशभर में 588.00 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया है।

## इंडस्ट्री ने हमेशा से ही मुझे अपनी कहानियां कहने का मौका दिया अनुष्का रंजन

अभिनेत्री अनुष्का रंजन अपनी पहली फिल्?म को लेकर पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें हमेशा इंडस्ट्री ने अपनी खुद की कहानियां देने के लिए हमेशा प्रेरित किया है।

निर्माता अनु और शशि रंजन की बेटी अनुष्का ने कहा, निर्माता के रूप में इस यात्रा पर निकलना एक सपने जैसा है, जिसे मैंने वर्षों से संजोया है। सिनेमा की दुनिया से गहराई से जुड़े परिवार में पली–बढ़ी होने के कारण मुझे हमेशा इंडस्ट्री में अपनी कहानियों का योगदान देने की प्रेरणा मिली है।

इस प्रोजेक्ट को लेकर जानकारी अभी गुप्त रखी गई है। मगर प्री–प्रोडक्शन का काम पहले ही पूरे जोरों पर चल रहा है। इसकी



शूटिंग अगले साल के आरंभ में ही शुरू की जाएगी।

उन्होंने आगे कहा, यह फिल्म मेरे दिल में एक खास जगह रखती है, और प्री–प्रोडक्शन प्रक्रिया अविश्वसनीय ऊर्जा और उत्साह से भरी हुई है। मैं एक ऐसी टीम के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं जो कहानी कहने के मेरे विजन और जुनून को दिखाती है।उन्होंने कहा कि यह अभी भी तय नहीं हुआ है कि मैं या मेरे पति आदित्य सील कलाकारों का हिस्सा होंगे या नही। मगर मेरा पूरा ध्यान एक आकर्षक कहानी बनाने पर है जो दर्शकों को आकर्षित करेगी।इस फिल्?म की प्रोडक्शन के अलावा अनुष्का जल्द ही आगामी वेब सीरीज मिक्सचर में नजर आएंगी, जहां वह पहली बार सह–कलाकार अहाना कुमरा के साथ एक नकारात्मक भूमिका निभाएंगी।आगामी एक्शन थ्रिलर सीरीज का निर्देशन हनीश कालिया ने किया है। यह सीीज अपराध और रहस्य की दुनिया में गहराई से उतरती है।पिनाका एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस साल के अंत में रिलीज होने वाली मिक्सचर गोवा की सुंदर पृष्ठभूमि और मुंबई की हलचल भरी सड़कों पर आधारित है,

## फरहान अख्तर ने किया भारत–चीन युद्ध पर बेस्ड नई फिल्म 120 बहादुर का ऐलान, सामने आया धांसू पोस्टर

एक्टर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर फरहान अख्तर ने अपनी नई फिल्म का एलान किया है. फरहान अख्तर की नई फिल्म एक रियल वॉर बेस्ड फिल्म है, जिसका टाइटल है 120 बहादुर. फरहान



अख्तर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर नई फिल्म का एलान करते हुए इसका मोशन पोस्टर भी जारी किया है. फिल्म 120 बहादुर की कहानी क्या है? कौन इस फिल्म को डायरेक्ट करेगा? फिल्म की स्टारकास्ट में कौन–कौन शामिल है आइए जानते हैं. फरहान अख्तर ने अपनी नई फिल्म का एलान कर लिखा है, जो उन्होंने हासिल किया, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकेगा, मेरे लिए यह एक बड़े ही गौरव और सम्मान की बात है कि मैं आपको आदरणीय परम वीर चक्र से सम्मानित मेजर शैतान सिंह और चार्ली कंपनी, 13 कुमाऊं रेजिमेंट के सैनिकों की कहानी प्रस्तुत कर रहा हूं, 18 नवंबर 1962 को भारत–चीन युद्ध के दौरान लड़ी गई प्रसिद्ध रेजांग ला की लड़ाई, यह हमारे वीर सैनिकों की अद्वितीय वीरता, अदम्य साहस और निरूस्वार्थता की कहानी है, हम अत्यंत आभारी हैं कि इस अद्भुत वीरता की गाथा को पर्दे पर लाने में हमें भारतीय सेना का समर्थन और पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ.फिल्म 1962 के भारत–चीन युद्ध को दिखाएगी. बता दें, इस जंग में हमारी हार हुई थी. भारत–चीन युद्ध में चीन के 3 हजार सैनिकों के सामने भारत के 120 बहादुरों सैनिकों ने जमकर लोहा लिया था.फिल्म 120 बहादुर को रजनीश रजी घई डायरेक्ट करने जा रहे हैं. फिल्म की स्टोरी और स्क्रीनप्ले राजीव जी मेनन ने किया है. फिल्म के डायलॉग लिखने का काम सुमित अरोड़ा ने किया है.

# विदामुयार्ची से रेजिना कैसेंड्रा का पहला लुक जारी, अजित–तृषा की फिल्म में निभाएंगी यह किरदार!




साउथ सुपरस्टार अजित कुमार की फिल्म विदामुयार्ची अपने एलान के बाद से ही सुर्खियों में है। निर्माता पहले ही फिल्म से अभिनेता का पहला पोस्टर जारी कर चुके हैं, जिसने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया था। इसके बाद उन्होंने अभिनेता अर्जुन सरजा और तृषा के किरदार की झलक पेश की थी। वहीं, अब निर्माताओं ने प्रशंसकों का उत्साह बढ़ाने के लिए फिल्म से एक और कलाकार का पोस्टर जारी किया है। यह पोस्टर है अभिनेत्री रेजिना कैसंड्रा का, जिसमें उनके किरदार की झलक दिखाई गई है।

अभिनेत्री रेजिना कैसंड्रा साउथ सुपरस्टार अजित की फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। वहीं आज निर्माताओं ने अभिनेत्री का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर दिया है, जिसके बाद से प्रशंसक भी खुश हैं। हाल ही में, विदामुयार्ची के निर्माताओं ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म से रेजिना कैसंड्रा का पहला पोस्टर साझा किया। अभिनेत्री एक खास अंदाज में दिख रही हैं, जिसमें वे एक क्रॉप्ड शर्ट, बैगी डेनिम ट्राउजर, ब्लैक जैकेट और बीन कैप पहने हुए नजर आईं। पोस्टर में वे सड़क पर चलती हुई दिखाई दे रही हैं। वहीं अजित कुमार और तृषा की झलक भी बैकग्राउंड में दिखाई दे रही है और उनके चेहरे पर गंभीर भाव है।

फिल्म के प्रोडक्शन हाउस लाइका प्रोडक्शंस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, विदामुयार्ची से अभिनेत्री रेजिना कैसंड्रा का लुक पेश किया जा रहा है। बहादुरी की कोई सीमा नहीं होती। इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित अभिनेत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर प्रोडक्शन बैनर के एक्स अकाउंट पोस्ट को डांसिंग इमोजी के साथ फिर से साझा किया। हालांकि, बहुप्रतीक्षित फिल्म में रेजिना कैसंड्रा के किरदार के बारे में अभी तक कुछ भी खुलासा नहीं किया गया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार विदामुयार्ची 1997 में रिलीज हुई अमेरिकी फिल्म ब्रेकडाउन पर आधारित है। हाल ही में प्रशंसकों ने सोशल मीडिया पर बताया था कि मैगिज थिरुमेनी निर्देशित इस फिल्म के आधिकारिक पोस्टर में कर्ट रसेल अभिनीत फिल्म ब्रेकडाउन से काफी समानताएं हैं, जिसमें जेफ टेलर की कहानी बताई गई है, जो अपनी लापता पत्नी एमी टेलर की तलाश में था। हालांकि, अभी तक निर्माताओं ने फिल्म की कहानी को लेकर कोई जानकारी नहीं दी है।

विदामुयार्ची को फिल्म निर्माता मगिज थिरुमेनी ने लिखा और निर्देशित किया है। इस फिल्म के जरिए अजित और मगिज थिरुमेनी पहली बार साथ काम कर रहे हैं। लाइका प्रोडक्शंस इस फिल्म का निर्माण कर रहा है। अनिरुद्ध रविचंदर ने फिल्म के लिए गाने और मूल संगीत तैयार किया है। नीरव शाह फोटोग्राफी के निर्देशक हैं। अजित कुमार अर्जुन की भूमिका निभा रहे हैं और तृषा उनकी पत्नी पल्लवी की भूमिका में हैं। हालांकि, फिल्म की आधिकारिक रिलीज की तारीख की घोषणा अभी नहीं की गई है, लेकिन रिपोर्ट के अनुसार, लाइका प्रोडक्शंस फिल्म को अक्तूबर 2024 में आयुध पूजा या दीपावली के अवसर पर फिल्म को रिलीज करने के लिए उत्सुक है।

# किस किसको प्यार करूं का बनने जा रहा सीक्वल, चार बीवियों के चक्कर में फिर फंसेंगे कपिल शर्मा



कपिल शर्मा की फिल्म शकिस किसको प्यार करूंच आज से करीब नौ साल पहले 2015 में रिलीज हुई थी. इस फिल्म में कपिल शर्मा की कॉमेडी और उनकी एक्टिंग को खूब प्यार मिला था. फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था और यह कपिल शर्मा के करियर की पहली फिल्म थी. इस फिल्म में एक हीरो और उसके साथ चार महिलाओं की लव स्टोरी को दिखाया गया था. इस फिल्म के जरिए डेविड धवन की फिल्मों को श्रद्धांजलि दी गई थी. अब खबर आ रही है कि इस फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है.

रिपोर्ट की मानें तो कपिल शर्मा की कॉमेडी फिल्म शकिस किसको प्यार करूंच का दूसरा पार्ट आने जा रहा है. पोस्ट के जरिए पता चला है कि इस फिल्म में भी कपिल शर्मा और उनकी चारों पत्नियों की दिलचस्प कॉमेडी होने वाली है. हालांकि कहानी क्या होगी और फिल्म कब रिलीज होगी इस बात की तो अभी घोषणा नहीं हुई है. लेकिन अगर इस रिपोर्ट की माने तो यह तो तय है कि इस फिल्म का सीक्वल बनने जा रहा है.

बता दें कि शकिस किसको प्यार करूं 2च के जरिए निर्माता रतन जैन और अब्बास मस्तान फिर से साथ आने वाले हैं. अनुकल्प गोस्वामी के डायरेक्शन में बनी इस सीक्वल में कपिल शर्मा फिर से अपनी कॉमेडी के जरिए सभी को हंसाते हुए नजर आने वाले हैं. खबर तो यह भी है कि इस फिल्म की फिल्मिंग इस साल के लास्ट तक शुरू हो जाएगी. इस फिल्म में अब्बास मस्तान अपनी क्रिएटिविटी के जरिए जान डालेंगे. वहीं कपिल शर्मा इस कॉमिक स्पेस में एंट्री के बाद काफी खुश हैं और उनको इसकी स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है. फिल्म की कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है.

खबर है कि पहले पार्ट की तरह दूसरे पार्ट में भी कपिल शर्मा के साथ कई सारी एक्ट्रेस नजर आने वाली हैं. जब कास्टिंग पूरी हो जाएगी तो इस साल के लास्ट तक शकिस किसको प्यार करूं 2च की शूटिंग शुरू हो जाएगी और अगले साल तक यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो सकती है. हालांकि अभी तक मेकर्स की ओर से शकिस किसको प्यार करूं 2च को लेकर किसी भी तरह का कोई अपडेट सामने नहीं आया है.

# बाक्स आफिस पर टिके रहने के लिए पूरा जोर लगा रही अक्षय की फिल्म, 20वें दिन हुई 30 करोड़ के पार

अक्षय कुमार की शखेल खेल मेंच बॉक्स ऑफिस पर रेंग रही है. इस फिल्म को शस्त्री 2च से टक्कर लेना भारी पड़ गया है. इसके चलते ये फिल्म कमाई के ममले में पूरी तरह पिछड़ चुकी है. फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते में है और ये आधा बजट भी वसूल नहीं पाई है. चलिए यहां जानते हैं फिल्म ने रिलीज के 20वें दिन कितना कारोबार किया है? खेल खेल मेंच काफी उम्मीदों के साथ सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी लेकिन फिल्म पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर सुस्त साबित हुई. हालांकि फिल्म की रिलीज के बाद तारीफ भी हुई लेकिन ये सिनेमाघरों में दर्शकों को नहीं खींच पाई. नतीजतन फिल्म पहले ही हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर धड़ाम हो गई. वैसे शस्त्री 2च भी इस फिल्म की राह में रोड़ा साबित हुई है. जिसके चलते ये कमाई नहीं कर पाई. फिलहाल ये फिल्म रिलीज के तीसरे हफ्ते में है और ये बॉक्स ऑफिस पर बड़ी मुश्किल से चंद करोड़ कमा पा रही है.फिल्म की कमाई की बात करें तो शस्त्री 2च ने रिलीज के पहले हफ्ते में 19.



35 करोड़ और दूसरे हफ्ते में 6.75 करोड़ का कलेक्शन किया. वहीं तीसरे हफ्ते के तीसरे शुक्रवार फिल्म ने 65 लाख, तीसरे शनिवार 1.15 करोड़, तीसरे रविवार 1.35 करोड़ और तीसरे सोमवार 55 लाख का बिजनेस किया. वहीं अब फिल्म की रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे मंगलवार की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं. सैकनिल्क की अर्ली ट्रेंड रिपोर्ट के मुताबिक शखेल खेल मेंच ने रिलीज के 20वें दिन यानी तीसरे मंगलवार को 50 लाख की कमाई की है. इसी के साथ शखेल खेल मेंच का 20 दिनों का कुल कारोबार अब 30.3 करोड़ रुपये हो गया है. शखेल खेल मेंच की कमाई को शस्त्री 2च ने चौपट कर दिया है. हालांकि फिर भी ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर टिके रहने के लिए पूरा जोर लगा रही है. फिल्म ने रेंग–रेंगकर रिलीज के 20 दिनों में 30 करोड़ का आंकड़ा तो पार कर लिया है लेकिन इसके लिए आधा बजट निकालना मुमकिन नही है. अब देखने वाली बात होगी कि फिल्म कब तक बॉक्स ऑफिस पर टिके रहने के लिए दम लगाती है. बता दें कि मुदस्सर अजीज निर्देशित शखेल खेल मेंच में अक्षय कुमार के अलावा फरदीन खान, तापसी पन्नू, वाणी कपूर, आदित्य सील, प्रज्ञा जयसवाल और एमी विर्क ने अहम रोल प्ले किया है. ये फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी.

# मिर्जापुर की एक्ट्रेस नेहा सरगम ने बंगाली अवतार में गिराई हुस्न की बिजलियां

एक्शन क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज मिर्जापुर में सलोनी त्यागी की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री नेहा सरगम ने नए फोटोशूट की एक झलक साझा की, जिसमें वे बंगाली साड़ी में नजर आ रही हैं।इंस्टाग्राम पर 8.20 लाख फॉलोअर्स वाली नेहा ने कुछ तस्वीरें साझा की, जिसमें वह गोल्डन और लाल बॉर्डर वाली बंगाली साड़ी में नजर आ रही हैं। उन्होंने इसके साथ मैचिंग स्लीवलेस ब्लाउज पहना हुआ है।मेकअप के लिए उन्होंने पारंपरिक बंगाली लुक चुना है और अपने माथे पर कल्का लगाया हुआ है। यह एक डिजाइन है जो बीच में लाल बिंदी और भौंहों के साथ पैटर्न के साथ बनाया गया है।उन्होंने अपने बालों को ढिलाई से बांधा हुआ है और हाथों में सुनहरे रंग की चूड़ियां और झुमके पहन रखे हैं। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, कभी–कभी लगता है अपुन बंगाली है.. देव बाबू?मिर्जापुर 3 में अली फजल, श्वेता त्रिपाठी, रसिका दुग्गल, विजय वर्मा, ईशा तलवार मुख्य भूमिका में हैं। नया सीजन पूर्वांचल क्षेत्र पर नियंत्रण की लड़ाई के इर्द–गिर्द घूमता है।एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, गुरमीत सिंह और आनंद



अय्यर द्वारा निर्देशित, यह शो प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो रहा है।नेहा इससे पहले चांद छुपा बादल में, सपना बाबुल का... बिदाई, ये रिश्ता क्या कहलाता है, रामायण, ये है आशिकी, पुनर्विवाह – जिंदगी मिलेगी दोबारा, डोली अरमानों की, इस प्यार को क्या नाम दूं? एक बार फिर, डोली अरमानों की और परमावतार श्री कृष्ण जैसे टीवी शो में अपना किरदार निभा चुकी हैं।

विजडम इण्डिया R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
लखनऊ, शुक्रवार 06 सितंबर 2024
sheelshukla100@gmail.com


# कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मरवटिया व अन्य जगहों का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

ब्यूरो सिद्धार्थनगर– जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर द्वारा निर्माणाधीन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, मरवटिया बाजार, विकास खण्ड खेसरहा का औचक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन भवन के नीव को खोदवाकर देखा गया इसके साथ निर्माणाधीन पूरे भवन का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर ने ए0ई0 सीएनडीएस को निर्देश दिया कि भवन का थर्ड पार्टी सत्यापन कराकर रिपोर्ट उपलब्ध कराये इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समय से एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने का निर्देश दिया इसके पश्चात जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर द्वारा पर्यटन विकास एवं सौन्दर्यीकरण डहरताल, बांसी का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर ने शेष कार्यो को समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया तथा वोटिंग हेतु प्रस्ताव बनाकर प्रेषित करने का निर्देश दिया।



# आगामी त्योहार को लेकर थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं आदि के साथ की गयी पीस कमेटी की मीटिंग

ब्यूरो सिद्धार्थनगर– प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में विजयशंकर सिंह थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर द्वारा आज स्थानीय थाना पर थाना क्षेत्र के ग्राम प्रधान, गाँव के सम्भ्रान्त व्यक्तियों, धर्मगुरुओं के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गयी । मीटिंग में आगामी त्यौहार बराफवात, हरितालिका तीज, गणेश चतुर्थी व विश्वकर्मा पूजा के संदर्भ में बाते की गयी और दोनो समुदाय के लोगो से बातचीत कर शांतिपूर्व व आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की गयी और उच्च अधिकारी द्वारा बताये गए आदेश निर्देश से अवगत कराया गया । इस दौरान थाने के सभी अधिकारी ध्कर्मचारीगण मौजूद रहें ।




# मतदेय स्थलों के संभाजन को लेकर राजनैतिक दलों के साथ कि गई बैठक

ब्यूरो सिद्धार्थनगर– अपर जिलाधिकारी (विध्रा0) उमाशंकर की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के अध्यक्षध्मंत्री के साथ मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बंध में बैठक किया गया अपर जिलाधिकारी (विध्रा0) उमाशंकर ने जानकारी देते हुये बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में जनपद में 1400 से अधिक मतदाता वाले बूथों को तोड़कर दो बूथ बनाये जायेंगे समस्त उपजिलाधिकारी द्वारा अपने अपने तहसील में पड़ने वाले मतदेय स्थलों का आयोग के निर्देश के अनुपालन में शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन किया गया है जनपद में कुल 09 मतदेय स्थल ऐसे हैं जिनको अन्य मतदेय स्थलों पर समायोजित किया जा रहा है जनपद में 02 ऐसे मतदेय स्थल हैं जो जर्जर होने के कारण अन्य स्कूलों में परिवर्तन किया जा रहा है जिनमें विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ के 02 मतदेय स्थल हैं 1400 से अधिक मतदेय स्थल 17 है जिनका सम्भाजन किया जायेगा मतदेय स्थलों के सभाजन का आलेख्य प्रकाशन दिनांक 11–09–2024 को की जायेगी आयोग के निर्देशानुसार उपरोक्त कार्य के अतिरिक्त दिनांक 29–10–2024 से अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का आलेख्य प्रकाशन होगा जनपद में अर्ह मतदाता जिनका नाम किसी कारण से मतदाता सूची में दर्ज कराने से छूट गया है ऐसे मतदाता दिनांक 29–10–2024 से 28–11–2024 तक अपने–अपने फार्म–6 फार्म–7 व फार्म–8 भरकर अपना नाम सम्मिलित तथा अपमार्जन अथवा संशोधन सम्बन्धी फार्म आन लाईन अथवा आफ लाईन भर कर अपने–अपने बी०एल०ओ० के माध्यम से जमा कर सकते है अवजमते–मबप–हवअ–पद पर जाकर कोई भी अर्ह मतदाता आनलाईन फार्म भर सकते हैं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा 01.01.2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण में दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने की विशेष अभियान की कुल 04 तिथि निर्धारित की गयी है– दिनांक–09–11–2024 (शनिवार), दिनांक–10–11–2024 (रविवार), दिनांक–23–11–2024 (शनिवार), दिनांक 24–11–2024 (रविवार) है इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी के सच्चिदानन्द चतुर्वेदी,, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अकरम अली सिद्दीकी, समाजवादी पार्टी के अब्दुल कलाम सिद्दीकी, बहुजन समाज पार्टी के घनश्याम शर्मा, कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) श्याम लाल वर्मा, तथा प्रभारी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अब्दुल जब्बार व अन्य उपस्थित थे।



# विधिक साक्षरता शिविर की जानकारी हेतु जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




ब्यूरो सिद्धार्थनगर– उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के दिशा–निर्देश तथा जनपद एवं सत्र न्यायाधीशध्अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में मनोज कुमार तिवारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्घार्थनगर द्वारा दिव्यांगजनों हेतु निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 के संबंध में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर की जानकारी दिये जाने हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन दिव्यांजन सशक्तिकरण विभाग के समन्वय से तहसील सभागार, बांसी, सिद्घार्थनगर में किया गया उक्त विशेष जागरूकता शिविर में सचिवध्तहसीलदार तहसील विधिक सेवा समिति बांसी देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, नामिका अधिवक्ता बांसी कृष्ण कान्त त्रिपाठी, आंख के सर्जन डा० राकेश वर्मा, आर्थो सर्जन विमल द्विवेदी, पंकज आनन्द, जे०पी० शुक्ल तथा दिव्यांजन सशक्तिकरण के कर्मचारी एवं तहसील विधिक सेवा समिति बांसी के पराविधिक स्वयं सेवक नेहा श्रीवास्तव, रामचन्द्र व मुकेश कुमार तथा तहसील बांसी के दिव्यांगजन उपस्थित रहे उक्त शिविर में मनोज कुमार तिवारी अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीशध्पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्घार्थनगर द्वारा उपस्थित दिव्यांगजनों को बताया गया कि विकलांग व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 की धारा 2(एन), (निशक्त व्यक्ति अधिनियम, 1995 के रूप में भी जाना जाता है) श्विकलांग व्यक्तिगत अधिकार ऐसे व्यक्ति कोश्श रूप में परिभाषित जो कोई भी चिकित्सा शास्त्र द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विकलांगता से न्यूनतम 40 प्रतिशत पीड़ित है यह विकलांगता दृष्टिबाधिता, कम दृष्टि, कुष्ठ रोग उपचारित, श्रवण बाधा, चलन विकलांगता, मानसिक रोग व मानसिक मंदता इत्यादि हो सकता है। साथ ही साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिद्घार्थनगर द्वारा मानसिक रूप से पीडित व्यक्तियों को सामान्य व्यक्तियों के समान विधिक अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए यह बताया गया कि दिव्यांग कल्याण सुरक्षा अधिनियम 2016 के तहत सभी दिव्यांगों के लिए कई तरह के सुविधाओं का प्रावधान किया गया है देवेन्द्र मणि त्रिपाठी, सचिवध्तहसीलदार तहसील विधिक सेवा समिति बांसी द्वारा शिविर को संबोधित करते हुये कहा गया कि दिव्यांगता कोई अभिशाप नहीं, बल्कि जीवन की एक चुनौती है. जिस प्रकार हर मानव अपने जीवन को चलाने के लिए संघर्ष करता है. उसी प्रकार दिव्यांगता को भी एक चुनौती मान कर काम करते रहने से ही वह व्यक्ति सफल होता है। दिव्यांग व्यक्ति की जिंदगी बेहतर बनाने के लिए सरकार द्वारा योजनाएं चलायी जा रही है. इसका लाभ लेने के लिए दिव्यांग प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है. उन्होंने कहा कि दिव्यांग प्रमाण पत्र सरकार द्वारा मुफ्त उपलब्ध कराया जाता है. उन्होंने कहा कि सरकार दिव्यांग जनों को आर्थिक सहायता के साथ–साथ आरक्षण प्रदान भी करती है. जिसमें सरकारी नौकरी, शिक्षा और ट्रेन में किसी भी सफर में छूट जैसी सुविधाएं शामिल है साथ ही साथ उपस्थित दिव्यांगजनों को बताया गया कि कोई भी व्यक्ति तहसील विधिक सेवा समिति के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है तथा तहसील विधिक सेवा समिति पर तैनात पराविधिक स्वयं सेवक के माध्यम से तहसील के कार्यों की जानकारी एवं मुकदमों की अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में निःशुल्क सहायता प्राप्त कर सकते है शिविर को संबोधित करते हुये कृष्ण कान्त त्रिपाठी नामिका अधिवक्ता बांसी द्वारा कहा गया कि समाज के गरीब व्यक्तियों, महिलाओं, बच्चो एवं निसहाय व्यक्तियों को निःशुल्क एवं सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से जनपद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति कार्य कर रहा है, जिसके माध्यम से निशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त की जाती है दिव्यांजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जाने हेतु दिव्यांगजनो के चिन्हीकरण एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु तहसील सभागार बांसी सिद्घार्थनगर में शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमे 44 दिव्यांगजनों का चिन्हित किया गया है उक्त शिविर का संचालन रामचन्द्र, पराविधिक स्वयं सेवक बांसी द्वारा किया गया

# उद्योग विभाग द्वारा की गई कड़ी कार्रवाई

## संदिग्ध दलाल के विरुद्ध दर्ज कराया गया एफआईआर

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। उपायुक्त उद्योग खुशबू सिंह ने बताया है कि प्राइवेट व्यक्तिध्दलाल के विरूद्ध कठोर कार्यवाही करते हुए 03 सितंबर को एक संदिग्ध व्यक्ति के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट सदर कोतवाली थाने में दर्ज (थ्प्त् छव–0752) करा दी गयी है। जन सामान्य को उन्होंने अवगत कराया है कि विभाग द्वारा चल रही किसी भी सरकारी योजनाओं में लाभ पाने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा रहा है। यदि कोई व्यक्ति या दलाल सरकारी योजनाओं में लाभ दिलाने का प्रलोभन देकर पैसे या धन उगाही करता है तो उनके बहकावे में न आये एवं सीधा जिला उद्योग केन्द्र देवरिया में सम्पर्क करें।

# डीएम के निर्देश पर सीएमओ ने अल्ट्रासाउण्ड संचालन के शर्तों की दी जानकारी

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने समस्त प्रबन्धक, चिकित्सक, संचालक अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर, अनुवांशिकी परामर्श केन्द्र, इमेजिंग सेन्टर को संबंधित सेंटरो के संचालन के शर्तों के संबंध में जानकारी दी है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि अल्ट्रासाउण्ड कक्ष में पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति लगी होनी चाहिये तथा अल्ट्रासाउण्ड कक्ष में एवं कक्ष के बाहर अल्ट्रासोनोलाजिस्ट की फोटो नाम के साथ लगी होनी चाहिये। अल्ट्रासाउण्ड का कार्य करते समय अल्ट्रासोनोलाजिस्ट द्वारा स्वयं पहनी गयी ड्रेस पर मुख्य रुप से अपना नाम और पदनाम प्रदर्शित करेंगे एवं अल्ट्रासाउण्ड सेन्टर में कार्यरत समस्त कर्मचारी निर्धारित ड्रेस में अपना नाम व पदनाम प्रदर्शित करेंगे। प्रत्येक अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर द्वारा फार्म डी. ई. एफ, जी जो लागू हो नियमित रुप से भरा जाना चाहियें एवं पोर्टल पर आनलाईन फार्म एफ चढ़ाया जाना चाहिये। प्रत्येक अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर द्वारा की गयी सभी गर्भधारण पूर्व या गर्भावस्था से सम्बन्धित प्रक्रियाओं या तकनीको या परीक्षणो के बावत एक पूर्ण रिपोर्ट प्रत्येक मास के बावत आने वाली मास की पाँचवी तारीख तक हार्ड कापी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, देवरिया को भेजेंगे। प्रत्येक अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर द्वारा अल्ट्रासाउण्ड कराने वाले व्यक्तियों का एक रजिस्टर होना चाहिये, जिसमें उनका सम्पूर्ण विवरण होगा एवं अल्ट्रासाउण्ड से सम्बन्धित सभी अभिलेख सहमति प्रारुपो, प्रयोगशाला परिणाम, सूक्ष्मदर्शी चित्र, सोनोग्राफी प्लेट या स्लाइड, सिफारिशों और पत्र यथास्थिति परामर्श, प्रसव पूर्व प्रक्रिया या प्रसव पूर्व निदान परीक्षण के पूरा होने की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिये सुरक्षित रखे जायेंगे। किन्ही विधि कार्यवाही की दशा में अभिलेखो को विधिक कार्यवाही के अन्तिम निपटारे तक या दो वर्ष की उक्त अवधि के समाप्त होने तक इनमें से जो भी पश्चातवर्ती हो सुरक्षित रखा जायेगा। अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर पर स्पष्ट रुप से सार्वजनिक सूचना (इस आशय की एक सूचना कि भ्रूण का लिंग प्रकट करना विधि के अधीन निषिद्ध हैं) अंग्रेजी में और स्थानीय भाषा या भाषाओं में अपने परिसरों में प्रदर्शित करेंगे। अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर में तैनात अल्ट्रासोनोलाजिस्ट के परामर्श का समय अंकित किया जाये तथा इस सम्बन्ध में उक्त आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाये।जिस दिन अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर पर अल्ट्रासोनोलाजिस्ट अनुपस्थित रहेंगे, उस दिन नोटिस बोर्ड पर इसकी सूचना चस्पा होनी चाहिए। प्रत्येक अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर को अपने सेण्टर पर पी०सी०पी०एन०डी०टी० अधिनियम 1994 की एक प्रति रखाना होगा। किसी भी अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर के सोनोलाजिस्ट या स्वामी, कर्मचारी या उससे सहयुक्त कोई अन्य व्यक्ति द्वारा किसी रीति से भ्रूण के लिंग का पता लगाने या उसे प्रकट करने का कार्य नही करेगा। किसी भी कारण स्त्री भ्रूण की न हत्या करेंगे न करना अनुज्ञात करेंगे न करवायेंगे। अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर पर रोगियों के पीने हेतु समुचित पानी की व्यवस्था की जाये। अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर पर रोगियों हेतु शौचालय की समुचित व्यवस्था की जाये । अल्ट्रासाउण्ड सेण्टर पर रोगियों के बैठने हेतु वेटिंग हॉल की व्यवस्था की जाये। दिव्यांग रोगियों हेतु व्हील चेयर, रैम्प आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया है कि अल्ट्रासाउंड सेंटरो पर उल्लिखित नियमों का अनुपालन नहीं करने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।



# शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का हुआ सम्मान

ब्यूरो देवरिया

देवरिया। गुरुवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर उ0प्र0 प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल(पू0मा0) शिक्षक संघ के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन जिला पंचायत देवरिया के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। अतिथियों का स्वागत माल्यार्पण, बैज अलंकरण, स्मृति चिन्ह, शाल ओढाकर जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, महामंत्री नन्दलाल, मण्डल अध्यक्ष अशोक सिंह व मण्डल महामंत्री अशरफ अली खां, जिला कोषाध्यक्ष डा हेमन्त शुक्ला एवं समस्त ब्लाकों के अध्यक्ष मन्त्री, कोषाध्यक्ष व जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। उच्च प्रा0वि0 मुकुन्दपुर के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक, रामपुर कारखाना विधायक जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं वित्त लेखाधिकारी मदन मोहन द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षकों, शिक्षिकाओं का सम्मान माल्यार्पण, अंग वस्त्र, शाल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक ने कहा कि शिक्षक समाज का आइना होता है। शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नही होता। समाज के सृजनकर्ता गुरुजनों के सामाजिक सम्मान हेतु द्वारा शिक्षक दिवस को समारोहपूर्वक मनाने की परंपरा अतुलनीय है। रामपुर कारखाना विधायक सुरेन्द्र चौरसिया ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षकों के सम्मान में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से समाज का एक सीख मिलती है। जो सभ्य समाज और भारतीय संस्कृति का परिचायक के रुप में उद्ववलित होता है। शास्त्रों में इसका वर्णन निहित है। प्रदेश सरकार शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए दृढ़ संकल्पित है। समस्याओं का त्वरित निवारण स्वयं प्रदेश के मुखिया करते हैं।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि शिक्षक समाज के पथ प्रदर्शक होते हैं। शिक्षक अपने समर्पण, धैर्य और मार्गदर्शन से दुनिया को एक बेहतर जगह बनाते हैं और युवाओं के भविष्य को निर्धारित करते हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिले में कई ऐसे शिक्षक हैं जो व्यक्तिगत प्रयास एवं धन से विद्यालय का स्वरूप बदल रहे है और बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं। ऐसे सभी शिक्षक वंदनीय हैं। जनपद से कुल 54 शिक्षक सेवानिवृत्त हुए हैं, जिनका सम्मान उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बीएसए शालिनी श्रीवास्तव, डायट प्राचार्य अनिल सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी पथरदेवा गोपाल मिश्र, पूर्व प्रदेशीय मंत्री सुदर्शन कुशवाहा व समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं हजारो शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष उ0प्र0 जूनियर हाई स्कूल महाश्रय मिश्र व संचालन सुनील त्रिपाठी व गिरीश चन्द्र कुशवाहा ने की।

# 16 को मनाया जाएगा ऐतिहासिक जश्ने यौमुन्नबी

जौनपुर(आरएनएस)। इस्लामिक महीना रबीउल अव्वल का चांद नजर आ गया है इसके बाद शहर में हर तरफ जश्ने यौमुन्ननबी का परचम बुलंद कर दिया गया।रबीउल अव्वल का चांद दिखते ही चारो तरफ आमदे मुस्तफा की धूम मच गई, मरकजी सीरत कमेटी के संरक्षक अनवारूल हक गुड्डू ने बताया की हजरत मोहम्मद मुस्तफा स अ व का मदीना में इनका रोजा मुबारक है यह इस्लाम के आखरी रसूल और पैगंबर थे। और पवित्र आसमानी किताब कुरान उन पर नाजिल हुई थी। परंपरागत रूप से कहा जाता है कि उनका जन्म 570 ई में मक्का में हुआ था और उनका पर्दा 632 में मदीना में हुआ, जहाँ उन्हें 622 में अपने अनुयायियों के साथ प्रवास करने के लिए मक्का वालो के द्वारा मजबूर किया गया था।बाद में उन्होंने मक्का फतेह भी किया था। इस्लाम हजरत आदम अलैह सलाम से शुरू होता है, कुरान के मुताबिक लगभग एक लाख चौरासी हजार रसूल और पैगंबर इस्लाम का प्रचार व प्रसार करने के लिए दुनिया में समय समय पर आए है।इस मौके पर श्री अकरम मंसूरी सचिव मरकजी सीरत कमेटी ने बताया की दुनिया में अब कयामत तक कोई नया पैगंबर और रसूल नही आएगा इस्लाम एकेश्वरवाद पर विश्वास करता है और ईश्वर की इबादत के अलावा किसी की भी इबादत को मान्यता नही देता।

हिन्दी दैनिक विजडम इंडिया
स्वामी,मुद्रक एवं प्रकाशक श्री शील कुमार शुक्ला द्वारा हिन्दुस्तान समाचार फीचर सेवा लि0 ,94, एम0जी0 मार्ग, हजरतगंज, लखनऊ से छपवाकर 633/387,गेहमर कुंज कालोनी, फैजाबाद रोड, चिनहट, लखनऊ उ0प्र0 से प्रकाशित।
सम्पादक–शील कुमार शुक्ला
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा।